श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 177, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 23 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### सीबीएसई रिजल्ट: 10वीं में 94% और 12वीं में 92.71% स्टूडेंट पास

## लड़कियों ने फिर मारी बाजी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। 12वीं की परीक्षा में 92.71% छात्र पास हुए हैं, वहीं 10वीं में 94% स्टूडेंट पास हुए हैं।

**दोनों परीक्षाओं में लड़कों से आगे रहीं लड़कियां:** 12वीं में लड़कों के मुकाबले लड़कियों का रिजल्ट 3.29% ज्यादा रहा। वहीं, 10वीं के नतीजों में लड़कियां 1.41% से आगे रहीं।

**12वीं में यूपी की तान्या सिंह को मिले पूरे अंक:** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर की रहने वाली तान्या सिंह ने 12वीं की परीक्षा में 500 में से 500 अंक हासिल किए हैं। तान्या सिंह, बुलंदशहर के दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। रिजल्ट आने के बाद तान्या के घर और स्कूल में जश्न का माहौल है। तान्या सिंह अपने मम्मी-पापा और स्कूल-टीचर को इस सक्सेस का क्रेडिट देना चाहती हैं। वे आईएएस ऑफिसर बनना चाहती हैं और ग्रेजुएशन में हिस्ट्री ऑनर्स लेंगी। उन्होंने कहा कि उनकी इस उपलब्धि से **उनके माता-पिता और टीचर काफी खुश हैं।**

**10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 10वीं का परिणाम घोषित कर दिया है। इस साल 94.40 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। परीक्षा में लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। बोर्ड द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 94.40 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस वर्ष दर्ज किए गए कुल उत्तीर्ण प्रतिशत में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट देखी गई है। 2021 में यह आंकड़ा 99.04 प्रतिशत था। परीक्षा के लिए कुल 21,09,208 छात्रों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से 20,93,978 छात्र उपस्थित हुए और 19,76,668 छात्र उत्तीर्ण हुए। लड़कियों ने लड़कों के मुकाबले 1.41 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया। इस साल 95.21 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुईं है जबकि 93.80 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। ट्रांसजेंडर 90 प्रतिशत पास हुए हैं। 2,36,993 (11.32 प्रतिशत) छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ परीक्षा पास की है। इसी तरह 64,908 (3.10 प्रतिशत) छात्रों ने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए हैं। सीबीएसई की 10वीं कक्षा के परिणाम 2022 में कुल 1,07,689 (5.14 प्रतिशत) छात्रों की कंपार्टमेंट आई है। पिछले वर्ष के छात्रों के उत्तीर्ण प्रतिशत के अनुसार दिल्ली रीजन ने सीबीएसई 10वीं परिणाम 2022 में छात्रों के प्रदर्शन में बड़ी गिरावट देखी है। 2021 में दिल्ली में कक्षा 12 के छात्रों का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 98.19 प्रतिशत था, जबकि इस साल दिल्ली में यह आंकड़ा 86.55 प्रतिशत ही है। दिल्ली क्षेत्र से इस साल कुल 3,66,831 छात्रों ने सीबीएसई परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया, जिसमें से 3,63,526 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 3,14,620 छात्रों ने परीक्षा दी। पूर्वी दिल्ली का 86.96 प्रतिशत और पश्चिमी दिल्ली का पास प्रतिशत 85.94 प्रतिशत है। सीबीएसई 10वीं की परीक्षाओं के लिए 2022 में शीर्ष प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र (रीजन) त्रिवेंद्रम है। दी गई सूची के अनुसार सबसे कम प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र गुवाहाटी है। 16 रीजनों में त्रिवेंद्रम 99.68 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद बेंगलुरू 99.22 प्रतिशत और चेन्नई 98.97 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इसके बाद अजमेर 98.14 प्रतिशत, पटना 97.65 प्रतिशत, पुणे 97.41 प्रतिशत, भुवनेश्वर 96.46 प्रतिशत, पंचकूला 96.33 प्रतिशत, नोएडा 96.08 प्रतिशत, चंडीगढ़ 95.38 प्रतिशत, प्रयागराज 94.74 प्रतिशत, देहरादून 93.43 प्रतिशत, भोपाल 93.33 प्रतिशत है। इस सूची में 14वें और 15वें स्थान पर क्रमशः दिल्ली पूर्व 86.96 प्रतिशत और दिल्ली पश्चिम 85.94 प्रतिशत है। इसमें अंतिम 16वें स्थान पर 82.23 प्रतिशत के साथ गुवाहाटी रीजन है।





### 35 लाख छात्रों ने दी 10वीं और 12वीं की परीक्षा

**10वीं** और 12वीं की टर्म-2 परीक्षा करीब 35 लाख छात्रों ने दी है। इसमें 10वीं के 21 लाख 16 हजार 290 और 12वीं के 14 लाख 54 हजार 370 छात्र शामिल हैं। परीक्षा देश के विभिन्न स्थानों पर निर्धारित हजारों केंद्रों पर 26 अप्रैल, 2022 से लेकर 15 जून, 2022 तक आयोजित की गई थी। सीबीएसई कक्षा 10 और कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में पासिंग मार्क्स 33% हैं। उन विषयों में जिनमें प्रैक्टिकल और थ्योरी दोनों हैं, दोनों में कम से कम 33% मार्क्स हासिल करना जरूरी है।

### सफलता का मंत्र- सोशल मीडिया से रखी दूरी: तान्या



**नई दिल्ली:** सीबीएसई 12वीं की टॉपर तान्या सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया और मोबाइल से दूरी ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। वह बताती हैं कि स्कूल वर्क के अलावा वह मोबाइल का प्रयोग बहुत ही कम करती थीं। जब भी पढ़ाई के लिए मन करता था, वह पढ़ने के लिए बैठ जातीं। रात में तब तक पढ़ाई करतीं जब तक उनका संबंधित विषय का कार्य पूरा नहीं हो जाता। उन्होंने बताया कि रात में पढ़ाई करना ज्यादा अच्छा लगता था क्योंकि घर में भी शांति रहती थी और किसी का कोई हस्तक्षेप नहीं रहता था।

### दीया नामदेव ने सेल्फ स्टडी से शत-प्रतिशत अंक हासिल किए



**शामली:** शामली शहर के मोहल्ला मनिहारन निवासी दीया नामदेव ने सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक लाकर जिले और परिवार का नाम रोशन कर दिया। दीया ने सुनियोजित ढंग से पढ़ाई करते हुए यह सफलता पाई है। शिक्षकों को अपना आदर्श मानने वाली दीया ने सेल्फ स्टडी से शत-प्रतिशत अंक हासिल किए।

**इस तरह की पढ़ाई:** दीया ने बताया कि वह रोजाना गणित व विज्ञान विषय की दो-दो घंटे पढ़ाई करती थी। एसएसटी के लिए एक घंटा और हिंदी व अंग्रेजी के लिए 45-45 मिनट तय कर रखे थे। कोई कोचिंग और ट्यूशन उसने नहीं लिया। दीया का कहना है कि अधिक अंक लाने के लिए ज्यादा देर तक पढ़ना जरूरी नहीं है। मन लगाकर कम समय की गई पढ़ाई से भी अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं।

**यकीन नहीं हुआ इतने अंक मिलेंगे:** जिस समय रिजल्ट घोषित हुआ तो दिया घर में थी। स्कूल से उसके पिता के पास फोन आया और दीया के रिजल्ट की जानकारी दी गई। पिता ने दीया को जब यह जानकारी दी तो उसे यकीन नहीं हुआ। उसे उम्मीद थी कि 95 प्रतिशत अंक आ सकते हैं। उन्होंने फोन करके शिक्षकों से कंफर्म किया।

विज्ञापन

**जुड़वां बहन के आए 80 प्रतिशत अंक:** दीया की जुड़वां बहन रिया भी इसी स्कूल में 10वीं की छात्रा है। उसने परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। रिजल्ट आने के बाद परिवार में खुशी का माहौल है। दीया ने बताया कि उसे बैडमिंटन खेलना और किताबें पढ़ना पसंद है।

## 'बुजुर्गों को सुविधा देना केन्द्र सरकार की प्राथमिकता नहीं'

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने कहा कि केन्द्र सरकार को बुजुर्गों की सुविधा की कोई चिंता नहीं है। इस सरकार के पास पूंजीपतियों के करोड़ो रुपये माफ करने के लिए पैसे हैं लेकिन देश के बुजुर्गों को रेल टिकट में छूट देने के लिए 1500 करोड़ रुपये नहीं हैं। राहुल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि बुजुर्गों को रेल यात्रा में दिए जाने वाले छूट को केन्द्र सरकार को जारी रखना चाहिए था। राहुल ने कहा कि मोदी सरकार विज्ञापनों पर 911 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। पीएम मोदी 8,400 करोड़ रुपये खर्च करके हवाई जहाज खरीद सकते हैं। उन्होंने अपने पूंजीपति मित्रों को 1,45,000 करोड़ रुपये टैक्स में छूट दी है लेकिन लेकिन सरकार के पास बुजुर्गों को रेल टिकट में छूट देने के लिए 1500 करोड़ रुपये नहीं हैं।



### बिकरू कांड: सार्वजनिक होगी विकास दुबे मुठभेड़ मामले की रिपोर्ट

**नई दिल्ली:** कानपुर के चर्चित बिकरू कांड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को जांच समिति की रिपोर्ट पर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि विकास दुबे मुठभेड़ मामले में आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में सिफारिशों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बी एस चौहान समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने और उसे अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश दिया।

**क्या है बिकरू कांड:** कानपुर के दहशतगर्द गैंगस्टर विकास दुबे और उसके गुर्गों ने डीएसपी समेत आठ पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। एक-एक पुलिसकर्मी को दर्जनों गोलियां मारी थीं। पुलिस और एसटीएफ ने मिलकर आठ दिन के भीतर विकास दुबे समेत छह बदमाशों को एनकाउंटर में मार गिराया था। इस मामले में 54 आरोपी अभी भी जेल में बंद हैं। केस का ट्रायल अभी भी जारी है।

तत्कालीन चौबेपुर एसओ विनय तिवारी सहित, भीटी प्रधान जिलेदार यादव सहित कई लोग गैंगेस्टर का साथ देने में जेल की हवा खा रहे हैं। दो जुलाई 2020 की रात को चौबेपुर के जादेपुरधस्सा गांव निवासी राहुल तिवारी ने विकास दुबे व उसके साथियों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया था।

## अग्निपथ हिंसा: में रेलवे की 260 करोड़ की संपत्ति खाक



**तिरुवनंतपुरम:** केन्द्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरुद्ध आंदोलन और विरोध प्रदर्शन के कारण 62 स्थानों पर रेलगाड़ी सेवाएं प्रभावित हुई थी। आंदोलन से भारतीय रेलवे को 259.44 करोड रुपये की हानि हुई थी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अग्निपथ योजना के विरुद्ध आंदोलन और विरोध प्रदर्शन के कारण 62 स्थानों पर रेलगाड़ी सेवाएं प्रभावित हुई थी। 15 से 23 जून के बीच कुल 2132 रेलगाड़ियों को रद्द किया गया था। उन्होंने बताया कि आंदोलनों से होने वाली सार्वजनिक अव्यवस्था जैसा अग्निपथ योजना के आरंभ से हुआ, के कारण रेलगाड़ी सेवाओं के बाधित होने पर यात्रियों को वापस की गई धनराशि से संबंधित आंकड़े अलग से नहीं रखे जाते हैं। बहरहाल, 14 से 30 जून तक की अवधि के दौरान रेलगाड़ियों के रद्द होने के कारण लगभग 102.96 करोड़ रुपये की कुल धनराशि वापस की गई थी और अग्निपथ योजना के विरुद्ध आंदोलनों में रेलवे परिसंपत्तियों के नुकसान अथवा विनाश के कारण 259.44 करोड रुपये की हानि हुई थी। वैष्णव ने बताया कि अग्निपथ योजना के कारण रद्द की गई सभी प्रभावित रेलगाड़ी सेवाओं को बहाल कर दिया गया है।

## केरल में मिला मंकीपॉक्स का तीसरा केस

**तिरुवनंतपुरम:** केरल में मंकीपॉक्स का तीसरा केस मामला सामने आया है। यह शख्स भी पूर्व में मिले संक्रमित की तरह यूएई से लौटा है। 35 साल का यह शख्स इस महीने की शुरूआत में संयुक्त अरब अमीरात से केरल आया है। उसके सैंपल की जांच में मंकीपॉक्स की पुष्टि हुई है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने बताया कि मलप्पुरम का रहने वाला युवक छह जुलाई को अपने गृह राज्य लौटा था और उसका तिरुवनंतपुरम के मंजेरी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। जॉर्ज के मुताबिक, युवक की हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि संक्रमित के संपर्क में रहे लोगों पर करीबी नजर रखी जा रही है।

आज ही केरल के वायनाड जिले के मानन्थावाद्य स्थित दो पशुपालन केंद्रों में 'अफ्रीकन स्वाइन फीवर' के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान में नमूनों की जांच के बाद जिले के दो पशुपालन केंद्र के सूअरों में इस बीमारी की पुष्टि हुई है।

**300 सूअरों को मारने के निर्देश:** केरल के पशुपालन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि एक केंद्र में कई सूअरों की मौत के बाद नमूने जांच के लिए भेजे गए थे।

## दिल्ली: नई एक्साइज पॉलिसी की होगी सीबीआई जांच

### तुम लोग सावरकर की औलाद हो, हम भगतसिंह की औलाद हैं: सीएम केजरीवाल



**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीएम अरविंद केजरीवाल की शराब नीति की सीबीआई जांच के आदेश दे दिए हैं। एलजी सक्सेना ने नई एक्साइज पॉलिसी पर मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट के बाद ये एक्शन लिया है। इस रिपोर्ट में सीधे डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का नाम लिया गया है। कहा गया कि नई नीति के जरिए शराब लाइसेंसधारियों को फायदा पहुंचाया गया।

**केजरीवाल ने कहा- सूली पे चढ़ा दो, लेकिन देश आगे बढ़ेगा:** मनीष सिसोदिया के खिलाफ आरोप लगने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा- "मैं मनीष सिसोदिया को 22 साल से जानता हूं। वे बेहद ईमानदार और देशभक्त हैं। मनीष ने रात दिन मेहनत करके दिल्ली के स्कूलों को शानदार बनाया। ये लोग समझ लें, जेल से हमें डर नहीं लगता। तुम लोग सावरकर की औलाद हो, हम भगतसिंह की औलाद हैं। ये सोचने की बात ये हाथ धोकर हमारे पीछे क्यों पड़े हैं। उसके तीन कारण हैं-

**भाजपा बोली- जल्दबाजी में दे दी 144 करोड़ की छूट:** आम आदमी पार्टी पर लगे आरोपों के बाद भारतीय जनता पार्टी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें मीनाक्षी लेखी ने कहा कि 14 जुलाई 2022 को बिना कैबिनेट नोट और आबकारी नियमों का पालन किए, जल्दबाजी में 144.36 करोड़ रुपये की छूट दे दी गई।

## चाचा का भतीजे पर वार: मेरी चिट्ठी के कारण हुई क्रॉस वोटिंग

**लखनऊ:** शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि मेरी चिट्ठी के असर के चलते सपा में क्रॉस वोटिंग हुई। गौरतलब है कि नेताजी के बारे में यशवंत सिन्हा के एक पुराने बयान को लेकर शिवपाल ने सपा विधायकों से अपील की थी। शिवपाल ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू जी से समय लेकर मिलूंगा। द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति चुने जाने पर उन्होंने बधाई दी। गौरतलब है कि शिवपाल सिंह यादव ने कहा था कि विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने नेताजी मुलायम सिंह यादव पर आरोप लगाया था कि वह आईएसआई के एजेंट हैं। हम उन्हें कभी भी समर्थन नहीं कर सकते। सपा के कट्टर नेता, नेताजी के सिद्धांतों का पालन करने वाले ऐसे आरोप लगाने वाले उम्मीदवार का कभी समर्थन नहीं करेंगे। उन्होंने अखिलेश यादव को भी अपने फैसले पर विचार करने के लिए कहा था जिस पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने हमेशा ही नेताजी को अपमानित किया है।

भाजपा के कहने पर चाचा शिवपाल ने लिखी थी चिट्ठी: उधर, अखिलेश यादव ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा था कि भाजपा ने चाचा शिवपाल सिंह यादव से चिट्ठी लिखवाई और फिर उसे वायरल करवाया है।

### तुलसीदास जूनियर बनी बेस्ट हिंदी फिल्म, एक्ट्रेस अपर्णा बालमुरली को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला

## नेशनल फिल्म अवॉर्ड: अजय देवगन और सूर्या बेस्ट एक्टर

**नई दिल्ली:** 68वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड की शुक्रवार को घोषणा की गई। इसमें 'तान्हाजी द अनसंग वॉरियर' के लिए अजय देवगन और 'सोरारई पोटरु' के लिए साउथ स्टार सूर्या को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। वहीं, सूर्या की 'सोरारई पोटरु' को ऑल टाइम एंटरटेनिंग फिल्म का अवॉर्ड मिला। बेस्ट हिंदी फिल्म 'तुलसीदास जूनियर' रही।

**'सोरारई पोटरु' में आम आदमी को आसमान में उड़ाने का सपना:** 'सोरारई पोटरु' के एक्टर सूर्या को बेस्ट एक्टर और एक्ट्रेस अपर्णा बालमुरली को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। 'सोरारई पोटरु' एक ऐसे इंसान की कहानी है, जो आम आदमी को आसमान में उड़ाने का सपना देखता है। वह अपने परिवार, दोस्तों और जुनून की वजह से दुनिया की सबसे बड़ी इंडस्ट्री को अपने नाम कर लेता है।




**गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में भी नॉमिनेट हुई थी 'सोरारई पोटरु':** तमिल फिल्म 'सोरारई पोटरु' ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी। इतना ही नहीं, इसे हॉलीवुड के 78वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में बेस्ट फॉरेन फिल्म कैटेगरी में भी जगह मिली थी। फिल्म की कहानी कैप्टन गोपीनाथ की बायोग्राफी पर बेस्ड है।

**राजीव कपूर की आखिरी फिल्म है 'तुलसीदास जूनियर':** तुलसीदास जूनियर' एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें एक 13 साल के लड़के की कहानी दिखाई गई है। एक लड़का जो स्नूकर के खेल में अपने पिता की हार का बदला लेता है।

इस फिल्म का निर्देशन मृदुल गुप्ता ने किया है। फिल्म में संजय दत्त, राजीव कपूर और वरुण बुद्धदेव ने लीड रोल प्ले किया है। 'तुलसीदास जूनियर' राजीव कपूर की आखिरी फिल्म है।

## गांव-गरीब-किसान को प्रधानमंत्री मोदी ने दी प्राथमिकता: नरेंद्र सिंह तोमर




**नई दिल्ली:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि गांव, गरीब,किसान को पीएम मोदी ने प्राथमिकता दी है। केन्द्र में मोदी सरकार आने के बाद से देश के किसानों की हालत अच्छी हुई है। तोमर ने कहा कि किसानों को दीन-हीन भावना से प्रस्तुत करने की कोशिश होती रही है लेकिन हमारे किसान भाई-बहन ऐसे नहीं है। किसान दुःखी, बेचारा, भूखा या विपन्न नहीं है, बल्कि इस शब्दावली से बाहर निकलने की जरूरत है। किसान गरीब हो सकता है, उसकी खेती का रकबा छोटा हो सकता है लेकिन इसके बावजूद वह न केवल अपने परिवार का गुजर-बसर करता है बल्कि देश की कृषि अर्थव्यवस्था में भी योगदान देता है। किसान और किसानी को सम्मान से जोड़ना चाहिए। तोमर ने शुक्रवार को "भारतीय कृषि का स्वदेश और वैश्विक समृद्धि में योगदान" विषय पर भारतीय किसान संघ और भारतीय एग्रो-इकॉनॉमिक रिसर्च सेंटर की ओर से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को सबोधित किया।

## खबर संक्षेप

### विवाहिता को ससुरालियों ने भगाया

**मऊआइमा।** दहेज में पांच लाख न मिलने पर विवाहिता को ससुरालियों ने मार पीट कर भगा दिया। विवाहिता ने आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसईसिपाह निवासनीय नेहाफातमा पत्नी मोहम्मद कासिम का कहना है कि उसकी शादीइसी गांव के मोहम्मद काससिम के साथ हुई थी। आरोप है कि दहेज में पांच लाख न मिलने पर ससुरालियों ने उसे मार पीट कर भगा दिया। नेहाफातमा ने मऊआइमा थाने में सास स्वालेहा ,ससुर अनीस ,ननदें सायमा, आयसा, जेठ हासिम, जेठानी सहबा, देवर आदिल ,देवर नाजिम के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### प्रमसपा की बैठक संपन्न

**सहसो।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी एक बैठक सहसों स्थित पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को संपन्न हुई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता करते हुए मदन चंद बिंद ने बताया कि 25 जुलाई सोमवार को स्वर्गीय फूलन देवी के जन्मदिन पर बलिदान दिवस के रूप में विठ्ठल पुर उर्फ बलरामपुर बिठौली प्रयागराज में मनाया जाएगा। उन्होंने पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर फूलन देवी के बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित करें। बैठक में प्रमुख रूप से मोती लाल बिंद, राजेश बिंद, लखपत केशरवानी, राकेश जायसवाल, मोहन लाल बिंद, बीपी परवार, गजराज बिंद, पूर्णवासी लाल बिंद, राजकुमार, मानसिंह बिंद, गिरधारी लाल बिंद, गिरधारी सरोज, महेंद्र बिंद सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** अनियंत्रित स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार पट्टी नाथ राय (ऊंचडीह) में अज्ञात वाहन की टक्कर से प्रदीप चौबे पुत्र हीरा लाल चौबे (30) ग्राम सभा सोनबरसा जो बाइक में पेट्रोल भरवाने जा रहा था। अचानक स्कार्पियो की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक शादीशुदा व तीन बच्चों का बाप था। दुर्घटना के पश्चात स्कार्पियो चालक वाहन सहित भागने में सफल रहा। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी।

## दुर्घटना में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**मऊआइमा।** छह दिन पूर्व साइकिल से मऊआइमा आ रहे वृद्ध को अज्ञात बाइक सवार ने कुचल दिया था। जिसका उपचार प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था। उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार 16जुलाई को सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम गहरपुर निवासी राम दुलार मौर्या 50 वर्ष साइकिल पर गेहूं रख कर पिसवाने मऊआइमा आ रहे थे। बताया गया है कि जैसे वह मऊआइमा के ग्राम चकश्याम उर्फ पूरे हिंचा के पास पहुंचे एक तेज बाइक सवार ने राम दुलार को कुचल दिया। जिन्हें परिजन प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करा दिए। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र पंकज कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात बाइक चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## पति के दुर्घटना में मौत पर मिले पैसों की मांग करने पर पीटा

**मऊआइमा।** एक विधवा ने अपने सास ससुर पर पति के मौत पर मिले पैसों की मांग करने पर मार पीट कर जख्मी कर देने का आरोप लगाया है। विधवा ने सास, ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिसेनगंज निवासनीय पिंकी देवी पत्नी स्वर्गीय सतीश कुमार का कहना है कि उसके पति सतीश कुमार का दुर्घटना में 2018 में मौत हो गई थी। पिंकी का आरोप है कि पांच लाख रुपये हजार्ना मिला। जब वह अपने सास ससुर से पैसा मांगा तो उसे मारा पीटा गया। पिंकी ने मऊआइमा थाने में ससुर शंकर लाल तथा सास नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## बिजली के बोर्ड में प्लग लगाते समय करंट से व्यक्ति की मौत



**मेजा रोड।** शुक्रवार सुबह क्षेत्र के चपौर गांव में बिजली के बोर्ड में प्लग लगाते समय एक युवक की मौत हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अश्वनी कुमार पटेल उर्फ मञ्जय (32) शुक्रवार सुबह लगभग सात बजे बिजली के बोर्ड में प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आ गया। परिवार वालों ने युवक को फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर ले गये, जहाँ प्राथमिक परीक्षण के उपरांत चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मार्मिक चित्कार से गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। दीपनारायण पटेल रेलवे में नौकरी करते हैं, उनके चार पुत्र हैं जिसमें मृतक दूसरे नंबर का पुत्र है। मृतक युवक की माता लक्ष्मीना देवी, पत्नी संजू देवी का रो रोक बुरा हाल हो रहा था। पिता के मौत से बेटे शिवा (11), प्रतीक (5) पूरी तरहस्तब्ध थे। घटना से चाचा दिलीप कुमार और सभी परिवारीजन शोक संतप्त दिखे। जिंदा होने की उम्मीद में युवक के मृत शरीर पर सगे सम्बन्धियों द्वारा घंटों गर्म राख मला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

## बाजार निकले व्यक्ति की पेड़ गिरने से हुई मौत, मचा कोहराम



**मेजा रोड।** मेजा थाना अंतर्गत गौरा चौकठा गांव के समीप रास्ते में ही पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत दूसरा साथी घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव बहादुर विश्वकर्मा उम्र 50 वर्ष अपने साथी लाला प्रजापति के साथ औनौर से सोनार का तारा के लिए निकले थे जैसे ही गौरा चौकठा के समीप पहुंचे तभी पेड़ गिरने से शिव बहादुर विश्वकर्मा पुत्र अमला विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत व साथी लाला प्रजापति पुत्र विश्राम प्रजापति गंभीर रूप से घायल सूचना पर मेजा थाना प्रभारी जेवनिया चौकी इंचार्ज मय फोर्स मौके पहुंचकर घायल को इलाज के लिए भेजकर जांच में जुटे। मृतक दो भाइयों में दूसरा नंबर का है सूचना पर परिजन पहुंचे दहाड़ मार कर रोने लगे।

# बकरा चोरी कर भागते समय बाइक सवार दो चोर हुए हादसे का शिकार

### गंभीर रूप से घायल चोरों को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल किया रीफर



**करछना।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कचरी गांव के सामने मिजार्पुर प्रयागराज राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर पहले से खड़े ट्रक में बकरा चोरी कर भाग रहे बाइक सवार दो चोर अनियंत्रित होकर जा भिड़े हादसे में दोनों का पैर टूट गया और गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक मेजा क्षेत्र के कठौली गांव निवासी सज्जात अली ने आज दोपहर के वक्त अपने बकरे को ओवर ब्रिज के बगल महुआ के पेड़ के नीचे बांधकर घर के अंदर सो रहे थे। उसी बीच औद्योगिक क्षेत्र के गलुआबाद गांव के रहने वाले हैदर पुत्र शाहिज 35 वर्ष और शाहिद मौके पर पहुंचकर बकरा को खोलकर मोटरसाइकिल पर लाद कर भागने लगे। वहीं पर खेल रहे बच्चों ने बंधे हुए बकरे को खोलता देख देखा तो शोर शराबा करने लगे। शोर-शराबा होने की आवाज सुनकर घर के लोगों ने मोटरसाइकिल से चोरों का पीछा कर लिया । रज्जत अली के मुताबिक पीछा करने के दौरान चोरों ने पहले बंधवा मार्ग से होकर भागने का प्रयास किया। लेकिन वहां से सफल नहीं हो पाए। जिसके बाद मिजार्पुर हाईवे से होकर भागने लगे। तभी कचरी गांव के सामने पहुंचे थे कि उसी बीच मार्ग पर पहले से खड़े ट्रक में पीछे की ओर भागते समय अनियंत्रित होकर जा भिड़े ।हादसे में दोनों का पैर टूट गया और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुड़ गई। सूचना होने पर भीरपुर चौकी इंचार्ज रामबहादुर ने मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस के माध्यम से दोनों घायलों को बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना ले गए। जहा दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# झूंसी की बेटियों ने गाड़े सफलता के झंडे

### न्यायनगर पब्लिक स्कूल की 12वीं की छात्रा श्रुति व न्यू आरएसजे के 10वीं के छात्र विवेक 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान



न्याय नगर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य इंटर की छात्रा आराध्या को मिठाई खिलाते हुए

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** सीबीएसई बोर्ड के 10वीं व 12वीं के परिणाम शुक्रवार को घोषित किये गए। जिसमे झूंसी के न्याय नगर पब्लिक स्कूल की इंटर की छात्रा श्रुति त्रिपाठी 98 प्रतिशत व आराध्या सिंह ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले के टॉपरों में अपना नाम दर्ज कराया। इस अवसर पर विद्यालय की सेक्रेटरी एस. वर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ. बुशरा मुस्तफा ने सभी सफल छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही सेंट्रल एकेडमी के इंटर के छात्र राहुल 97 व दसवीं की छात्रा आंशिका गिरी 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किया स्कूल के निदेशक एसके त्रिपाठी व प्रधानाचार्य एके पांडेय ने सभी सफल छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। निदेशक एसके तिवारी ने बताया कि इंटर के छात्र राहुल ने जेई मेंस में 99.89 अंक प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया है। छतनाग स्थित न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा कक्षा 10 के छात्र विवेक यादव ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ अपने माता-पिता का भी मान बढ़ाया है। एमआरएस स्कूल एंड कालेज की 12वीं की छात्रा प्रियंका सिंह, मंजरी, अम्बुज यादव, आयुष मेहता, विशाल कुमार, ऋषभ 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया है। विद्यालय के प्रबंधक अरविंद सिंह ने सभी को बधाई दी।



## शतप्रतिशत अंक पाने वाले छात्रों को प्रधानाचार्य अंकिता मिश्रा ने मुंह मीठा कराया

**करछना।** जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें 12वीं के छात्र उद्धव त्रिपाठी ने 95%अंक अर्जित किया एवं 10वीं की छात्रा सुप्रिया पांडे ने96% अंक प्राप्त करके सर्वोपरि रही। सभी विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने पर स्कूल प्रबंधक डॉ आर पी पांडे जी ने उनको बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती अंकिता मिश्रा एवं संरक्षक डॉ के. के. शुक्ला जी ने विद्यार्थियों को बधाइयां तथा आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक गण ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अकाउंटेंट की लापरवाही से 4.5 करोड़ का भुगतान लटका, प्रधानों का हंगामा

### बीडीओ ने नाराज प्रधानों से मांगी तीन दिन की मोहलत



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** प्रधानों का भुगतान लटकाने के मामले में अव्वल विकास खंड शंकरगढ़ का प्रधानों ने घेराव किया। प्रधानों ने आरोप लगाया कि नीचे से लेकर ऊपर तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है।आरोप है कि बीडीओ का अकाउंटेंट प्रधानों की फाइलों को दुरुस्त नहीं करता। इसी कारण से पिछले सालभर से प्रधानों का लगभग 4.5 करोड़ रुपये का भुगतान बकाया है। भुगतान न होने की समस्या से परेशान प्रधानों ने बीडीओ कार्यालय का घेराव करते हुए अविलंब भुगतान कराने की मांग की, जिस पर बीडीओ ने तीन दिन की मोहलत मांगी है। प्रधानों ने आरोप लगाया कि सितंबर 2021 से अब तक पक्के कार्यों का कोई भी भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान न होने से प्रधान भी भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। आरोपित किया कि अकाउंटेंट के द्वारा डोंगल खराब होने का बहाना बताकर भुगतान को काफी समय से लंबित रखा जा रहा है। इसके अलावा भुगतान के लिए प्रेषित की जाने वाली फाइलों को भी समय से पूर्ण नहीं किया जाता। प्रधानों का कहना है कि यहां से भुगतान न होने के कारण विकास खंड शंकरगढ़ के खाते में आने वाली रकम भी सरकारी खजाने में वापस चली जाती है।प्रधानों ने बताया कि भुगतान न होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आरोपित किया कि अकाउंटेंट ब्रिजेन्द्र श्रीवास्तव की लापरवाही से प्रधान दर-दर भटक रहे हैं। फिलहाल घेराव के बाद बीडीओ रामविलास राय ने आश्वासन दिया कि जल्द पेमेंट किया जाएगा। इसके लिए बीडीओ ने तीन दिन की मोहलत मांगी है। घेराव करने वालों में प्रधान पुष्पराज सिंह,गुलाब सिंह, फैजान अहमद, सुभाष कुमार,मंगलेश सिंह आदि शामिल रहे।

# डीएम ने स्मृति उद्यान वन एवं गोआश्रय स्थल का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

अखंड भारत संदेश



**करछना।** डीएम प्रयागराज संजय कुमार खत्री ने शुक्रवार को करछना विकाश खण्ड के घटवा में निर्मित अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्मृति उद्यान वन का मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया।जंहा मौजूद प्रधान प्रतिनिधि दुर्गविजय सिंह से आगामी स्वतंत्रता दिवस पर घर घर तिरंगा लगवाने के साथ ही ध्वजारोहण भव्य ढंग से करवाने को निर्देशित किया।जिसके पश्चात बारिश न होने से धान की रोपाई के बारे में उपस्थित लोगो से जानकारी ली , खण्ड विकाश अधिकारी करछना को आवश्यक दिशा निर्देश देकर केचुहा स्थित गौशाला पहुँचकर निरीक्षण किया।जंहा मौजूद जिला विकाश अधिकारी भोला नाथ कन्नौजिया,उपायुक्त मनरेगा कपिल कुमार,खण्ड विकाश अधिकारी देव कुमार से बातचीत कर गौशाला की जानकारी लेने के बाद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्यामनन्दन तिवारी से गायों के दूध देने व बीमार गायों के बारे में,भूंसा,गोबर की खाद की वृस्त्रित जानकारी लेने के पश्चात गायों को गुड़ खिलाया और गौशाला परिसर में वृक्षारोपण किया।जिसके पश्चात सभी मातहतो को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए वापस लौट गये।जिस मौके पर उपजिलाधिकारी करछना रेनू सिंह,सहायक विकाश अधिकारी पंचायत विवेक मिश्रा, सहायक विकाश अधिकारी एनआरएलएम रामेश्वत सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर मनीष शुक्ला, ग्राम विकाश अधिकारी कमल सिंह, प्रीति शुक्ल , अब्दलम वारी, महेश कुमार,अमित कुमार,मनीष सिंह ,रोजगार सेवक महेंद्र यादव,सचिन यादव आदि ब्लाक कर्मी मौजूद रहे।

# खस्ताहाल सड़क पर जल भराव से आवागमन हुआ दूभर

अखंड भारत संदेश




वीरकाजी रोड पर जमा हुआ बारिश का पानी, चार लोग घायल

**फूलपुर।** सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का कितना भी फरमान जारी करें पर अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ सड़कें आज भी चलने लायक नहीं है। चुनाव के समय लोक लुभावन वादे कर जनता का वोट हासिल कर सरकार में शामिल होने वाले जनप्रतिनिधि भी ऐसी महत्वपूर्ण समस्याओं को नजरंदाज करते हैं। अपने तमाम वादों के साथ सरकार ने गड्ढा मुक्त सड़कें भी देने का वादा किया था लेकिन अधिकारियों की न सुधरने की हठधर्मिता से आमजन की परेशानियां बढ़ा दी है। इलाहाबाद- जौनपुर मार्ग किलोमीटर 29 पर स्थित इफको महुलिया संपर्क मार्ग फूलपुर-हनुमानगंज को किलोमीटर 4 पर जोड़ती है जब भी प्रयागराज जौनपुर मार्ग पर जाम की स्थिति पैदा होती है या फिर आपात स्थिति में डायवर्जन करना होता है तो प्रशासन द्वारा इसी मार्ग को यातायात के लिए सुलभ कराया जाता है। प्रतिदिन सैकड़ों राहगीरों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने वाली सड़क आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। सड़कों पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने व जल निकासी की व्यवस्था न होने से इस सड़क पर हमेशा तालाब की स्थिति बनी रहती है। निर्माण के 22 वर्ष बीत जाने के बाद भी हालत यह है कि गड्ढा मुक्त सड़कों की जगह हर जगह सड़क पर गड्ढा ही नजर आता है। सड़क पर बिखरे हुए कंकड़ व गड्ढे आए दिन हादसों को दावत देते रहते हैं। लेकिन जिम्मेदार सुध ही नहीं ले रहे हैं। बीरकाजी गांव के ग्राम प्रधान रामचंद्र तूफानी व समाजसेवी अशफाक अहमद व इमरान अहमद ने बताया कि 3.6 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 1998 में कराया गया था। परन्तु इतने दिनों के बाद भी सड़क का विकास नहीं हो सका।

## बारिश में ताल तलैया बनी अनुवां चनेथू महरछा संपर्क मार्ग



**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र की दर्जनों सड़कें जीर्ण शीर्ण हो गई है ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के बार बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद जनप्रतिनिधि या विभागीय अधिकारी, लोकनिर्माण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ध्यान नही दे रहे हैं।रधईपुर महरछा से पयागपुर कुंदौरा धाम जाने वाली सड़क एवं क्षेत्र की अन्य जर्जर हो चुकी सड़कों मे अनुवां-चनेथू महरछा, चंपापुर-हरीपुरपट्टी जलालपुर, अनुवां-राचनपुर, महरछा-जंघई आदि सड़कें पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है लेकिन इनका नवीनीकरण या मरम्मत न होने से सभी आक्रोशित है मिनटों का सफर घंटों मे तय करना पड़ रहा है। इन सड़को पर रात दिन आवागमन होने के बावजूद वर्षो से इनकी मरम्मत नही हुई है। अनुवां चनेथू मार्ग पर मरम्मत का कार्य जिला पंचायत से शुरू हुआ भी तो आधी बनाकर छोड़ दिया गया।प्रतिदिन दुर्घटनायें होती रहती है दो जिलों को जोड़ने वाली सड़को की भी मरम्मत नही हो रही है।जिससे क्षेत्रवासी आक्रोशित व निराश है कि किससे गुहार लगाए कोई सुनने वाला नही।

## न्यूज झरोखा

### प्रियंका गांधी ने भेजा लाइन शाह बाबा उर्स मुबारक संदेश



**प्रयागराज।** कांग्रेस की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी ने जंक्शन-स्टेशन स्थित करामत अली उर्फ लाइन शाह बाबा के उर्स मुबारक का संदेश भेजा है । दरगाह के मुतवल्ली वसीम उद्दीन के नाम भेजे संदेश- पत्र में उन्होंने पांच दिनों तक चलने वाले पवित्र उर्स में शामिल होने देश-विदेश से आये जायरीनो को मुबारकबाद और सलामती की दुआ की अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने भी लखनऊ से चादर भेज भाई-चारा बरकरार रखने का पैगाम दिया । प्रियंका का पत्र प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव फुजैल हाशमी , अल्पसंख्यक विभाग के शहर अध्यक्ष अरशद अली और शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष परवेज सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से मुतवल्ली को सौंपा । कमाल अली, महफूज अहमद, मो.अकमल, अरमान कुरैशी, मुख्तार अहमद , जाहिद नेता, मुस्ताक कुरैशी सहित भारी संख्या में अकीदत मंद मौजूद थे ।

### पंचायत सचिव मनरेगा कार्यों में तेजी लाएं: देव कुमार



**करछना।** विकास खंड करछना सभागार में आयोजि बैठक में ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सेवकों को दिशा निर्देश देते हुए खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार ने निर्देशित किया कि गांव में विकास कार्यों मे पंचायत सचिव रोजगार सेवक मिलकर कराए जाने वाले मनरेगा कार्यों में तेजी लाएं जिसमें महत्वपूर्ण अमृत महोत्सव तालाब खुदाई ,स्मृति वन उद्यान, एवं मजदूरों के भुगतान से संबंधित कार्यों को समय से निश निस्तारित कराने में अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभाए तथा गांव में कराए जाने वाले अन्य विकास कार्यों को आवास शौचालय आदि कार्यों को समय पर पूर्ण कराने के दिशा निर्देश दिए गए बैठक में उपस्थित सोनल शुक्ला प्रभारी डिस्टिक कोऑपरेटिव, सुरेश कुमार, मनीष कुमार सचिव,आदित्य कुमार ,सचिव महेश कुमार, राजकुमार गौतम, राम रूप सिंह कमल सिंह ,प्रीति शुक्ला ,अमित यादव, अब्दुल बारी संजीव श्रीवास्तव, राम सकल ,अमरेश सिंह, व रोजगार सेवक महेंद्र कुमार यादव ,अशोक कुमार, सचिन कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में पंचायतों में नियुक्त रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

### भोले के जयकारों से शिवालय तथा घर गुंजायमान



**सहसों।** सावन के इस पवित्र महीने में क्षेत्र के शिवालयों, मंदिरों के साथ-साथ शिव भक्तों के घरों में भी पूजा पाठ, अभिषेक के दौरान घंटाघरियारों एवं भोले नाथ के जयकारों से गुंजायमान हो रहा है। भक्तगण श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भगवान भोलेनाथ की स्तुति पूजा पाठ जलाभिषेक, दुग्ध अभिषेक, दही अभिषेक, शर्करा अभिषेक आदि अभिषेक के माध्यम से भगवान को प्रसन्न कर अपने को कृतार्थ करने में लगे हुए हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रकांड विद्वान एवं कर्मकांडी आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री ने बिगहिया गांव निवासी बलवंत यादव को सपत्नीक घर पर भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक पूजन के दौरान बताया कि इस सावन मास के महीने में हर दिन भगवान भोलेनाथ के नाम होता है। ऐसे में भक्तों को चाहिए जब भी रुद्राभिषेक करें तो पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनका आवाहन करते हुए जो भी अभिषेक करना हो कर सकते हैं। क्योंकि शास्त्रों में पार्थिव शिवलिंग का विशेष वर्णन किया गया है शिवालयों एवं मंदिरों को छोड़कर अब घरों में केवल पार्थिव शिवलिंग पर ही अभिषेक करें पूजन अर्चन करें।

### थाना औद्योगिक क्षेत्र में चलाया गया चेकिंग अभियान



**करछना।** यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरुद्ध वाहन पुलिश की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर चालक पर डीयल हेलमेट तीन सवारी की चेकिंग गई यातायात नियमों का उल्लघंन करते पाया गया नियमों का उल्लघंन करने वाले सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई चालान किया गया। इस मौके पर, एसआई ब्रह्मेश मिश्रा, कांस्टेबल विकास कुमार, कांस्टेबल पुष्कर,सहित पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### डिप्टी सीएमओ डा. अभिषेक बने शंकरगढ़ के अधीक्षक



**शंकरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के अधीक्षक डा. शैलेंद्र सिंह का गैरजनपद तबादला होने पर डा. अभिषेक सिंह को शंकरगढ़ का अधीक्षक बनाया गया है। डिप्टी सीएमओ डा. अभिषेक सिंह अभी तक सीएचसी शंकरगढ़ में ही तैनात थे। बताते चलें कि बीते दिनों हुए तबादले में सीएचसी शंकरगढ़ के दो डाक्टरों का तबादला गैरजनपद कर दिया गया था, उसमें सीएचसी अधीक्षक शैलेंद्र सिंह के अलावा डा. संजय सिंह भी शामिल थे।

### एसडीएम और ईओ नगर पंचायत ने की बैठक

#### मार्ग की पटरियों और नालियों तक अतिक्रमण हटाने का आदेश



**कोराव।** एसडीएम कोराव और ईओ नगर पंचायत कोरांव ने तहसील सभागार में व्यापारियों संघ बैठक की। और मार्ग की पटरियों पर बनी नालियों तक अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। एसडीएम योगेंद्र सिंह ने व्यापारियों से कहा की जनहित में बैठक मे लिए गए फैसले को संज्ञान में लें। जिससे विधिक कार्यवाही से लोग बचें,और ।आवागमन बाधित न हो। बैठक में कोरांव के काफिब्यापा लोग एकत्रित रहे।

### पौधरोपण कर सांसद का मनाया जन्मदिन



**जसरा।** क्षेत्र के मनकवार, अमरेहा, बूंदावा काँटी इत्यादि गावों सहित शैक्षिक संस्थानों मे शुक्रवार को युवा समाजसेवीं एवम केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल नें वृक्षारोपण एवम पौधा वितरण करके सांसद रीता जोशी का जन्मदिन मनाया। इसी क्रम मे छत्रपति साहू जी महाराज फामेर्सी कालेज ,शुभम इंटर कालेज, एस. एन. पटेल इंटर कालेज इत्यादि शैक्षिक संस्थानों मे आम, गुलमोहर, चितवन, कदम्ब इत्यादि पौधे रोपे गये। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक सिंह पटेल नें शुभचिंतकों, स्वजनों आदि के जन्मदिन पर वृक्षारोपण एवम संरक्षण के लिए प्रेरित किया।डा. रीता जोशी जी को एक आदर्श जननेता, प्रोफेसर, मृदुभाषी, शालीन व्यक्तित्व की धनी होने के साथ ही सदैव लोगों की सेवा मे तत्पर रहने वाली आदर्श सांसद के रूप मे भी स्वीकार किया।वृक्षारोपण के दौरान विजय सिंह, आशुतोष,धनंजय यादव, अरविन्द गुप्ता, भावना सिंह आदि लोग मौजूद रहें।

## खबर संक्षेप

### अपहरण के मुकदमे का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**थरवई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा अपराध एवम अपराधियो पर अंकुश लगाने एवम वांछित अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गंगापार अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी फूलपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष थरवई महेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक सोहराब अहमद व उनकी पुलिस टीम द्वारा स्थानीय थाना पर पंजीकृत मुकदमा पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त समीर वर्मा पुत्र मुन्ना लाल को निवासी लाहुरतार उम्र करीब 19 वर्ष को थाना पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर अग्रिम करवाई जारी है।

**29 एंबुलेंस समेत सात स्कूली बसों का चालान : प्रयागराज।** आरटीओ की टीम ने अभियान चलाकर बिना परमिट और वैध पेपरों के बगैर सड़कों पर दौड़ रहीं 29 एंबुलेंस समेत सात स्कूली बसों का चालान किया है। एआरटीओ प्रर्वतन अलका शुक्ला ने बताया कि काफी वक्त से शिकायत मिल रही थी कि बगैर परमिट के एंबुलेंस का भी संचालन हो रहा है। टीम ने एसआरएन अस्पताल, मेडिकल चौराहा पार्वती अस्पताल के पास अभियान चलाकर एंबुलेंस पर कार्रवाई की। बम्हरौली और फाफामऊ क्षेत्र में सात स्कूली बसों का चालान किया गया।

# स्वास्ति ने दसवीं व सुप्रिया ने बारहवीं में प्रयागराज में किया टॉप

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं की परीक्षा में आर्मी पब्लिक स्कूल ओल्ड कैंट की स्वास्ति यादव और बारहवीं में आर्मी स्कूल न्यू कैंट की सुप्रिया सिंह ने प्रयागराज जिले में टॉप किया है। दोनों को 99 फीसदी अंक प्राप्त हुए हैं।

खास यह कि दोनों ने सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज के तहत पूर्वांचल और मध्य यूपी के 49 जिलों में तीसरा स्थान हासिल किया है।जिले में सीबीएसई दसवीं का रिजल्ट 95.76 फीसदी और बारहवीं का रिजल्ट 85.82 फीसदी रहा। दोनों ही परीक्षाओं में बेटियों का परिणाम बेहतर रहा। 10वीं में 96.30 फीसदी छात्राएं एवं 95.43 फीसदी छात्र और बारहवीं में 89.36 फीसदी छात्राएं एवं 83.60 फीसदी छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए। दसवीं की परीक्षा के लिए जिले के 101 स्कूलों के 12546 और बारहवीं की परीक्षा के लिए 80 स्कूलों के 10367 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।


परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात खुशी का इजहार करते छात्र एवं छात्राएं

### प्रयागराज रीजन में भी आगे रहीं बेटियां ....

जिले के साथ सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज के तहत 49 जिलों में भी बेटियों का परिणाम बेहतर रहा। दसवीं में 95 फीसदी छात्र एवं 95.90 फीसदी छात्राएं और बारहवीं में 81.46 फीसदी छात्र एवं 87.93 फीसदी छात्राएं सफल रहीं। रीजन के 49 जिलों में दसवीं के 1792 स्कूलों के 190664 विद्यार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत थे, जिनमें से 95.40 फीसदी परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए। वहीं, सीबीएसई बारहवीं की परीक्षा में रीजन के 1370 स्कूलों में 147171 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 83.96 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए।

### आदित्य पांडेय ने सीबीएसई की हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में सभी विषयों में ए ग्रेड प्राप्त किया



**जंघई।** रस्तीपुर गांव निवासी सुनील कांत पांडेय कार्यरत पीएससी विभाग का बेटा एवं सतीश पांडेय पूर्व प्रधान एवं प्रबंधक ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र रस्तीपुर खखैचा के भतीजे आदित्य पांडेय ने सीबीएसई द्वारा घोषित हाईस्कूल की परीक्षा परिणाम में सभी विषयों में ए ग्रेड प्राप्त किया है। क्षेत्र एवं परिवार तथा गांव के लोगों ने आदित्य पांडेय को बधाई आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है। आदित्य की मेहनत लगन एवं शिक्षा के प्रति एकाग्रता को देखते हुए सभी ने प्रशन्नता व्यक्त किया और भविष्य में सभी परीक्षाओं में सफलता हेतु शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया और अपेक्षा किया है कि आदित्य अपनी उच्च शिक्षा ग्रहण करके प्रशासनिक अधिकारी का पद सुशोभित करें जिससे उनके शिक्षकों, विद्यालय, परिवार, समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन हो।

## ब्वॉयज हाईस्कूल के गेट पर बमबाजी, मची अफरातफरी, एक के बाद एक कई धमाके

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में दिनदहाड़े ब्वॉयज हाईस्कूल के गेट पर बमबाजी की गई। वारदात किसने और क्यों की, यह देर रात तक पता नहीं चल सका था। लेकिन घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस फुटेज के सहारे बमबाजी करने वालों की तलाश में जुटी है। खास बात यह रही घटना छुट्टी से कुछ देर पहले हुई और यही वजह रही कि छात्र-छात्राएं बाल-बाल बच गए। उधर, पूरामुफ्ती में मोबाइल लूटकर भाग रहे बदमाशों ने रोकने पर पुलिस टीम पर बम चला दिया। इसमें एक व्यक्ति जख्मी हो गया।

**गेट को निशाना बनाकर मारा बम, फैली सनसनी :** बीचएस गेट पर बमबाजी दोपहर 12 बजे के आसपास हुई। रोज की तरह स्कूल में पढ़ाई चल रही थी। तभी अचानक स्कूल गेट पर एक बम आकर गिरा और जोरदार धमाके के साथ फट गया। इससे वहां चारों ओर धुआं फैल गया। धुआं छटने के बाद गार्ड व कर्मचारी बाहर निकले तो गेट के पास ही बम के अवशेष पड़े मिले। इनमें गिट्टियां व अन्य चीजें शामिल थीं। मामला स्कूल पर बमबाजी का था, ऐसे में हड़कंप मच गया। सिविल लाइंस पुलिस के साथ ही सीओ भी मौके पर पहुंचे।पुलिस ने प्रिंसिपल के साथ ही मौके पर मौजूद गार्डों व अन्य कर्मचारियों से पूछताछ की। जांच पड़ताल के बाद डीवीआर भी कब्जे में ले लिया। सीओ सिविल लाइंस अभिषेक भारती ने बताया कि स्कूल प्रबंधन व कर्मचारियों से पूछताछ की गई लेकिन उन्होंने हमलावरों के बारे में जानकारी होने की बात से इंकार किया। जांच पड़ताल की जा रही है। उधर प्रिंसिपल डेविड ल्यूक का कहना है कि हमलावर कौन थे और उनका मकसद क्या था, इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं। किसी से कोई विवाद भी नहीं हुआ। तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

**चलती स्कूटी से फेंका बम, तीन थे हमलावर :** जांच पड़ताल के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो पता चला कि वारदात स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने की। जिन्होंने चलती स्कूटी से बम फेंका। तीनों धोबीघाट चौराहे की ओर से तेज गति से आए। स्कूल के सामने पहुंचते ही सबसे पीछे बैठे युवक ने बम फेंका और इसके बाद सभी भाग निकले। पुलिस स्कूटी के नंबर से हमलावरों का पता लगाने में जुटी है।




## कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया अपने सांसद का जन्मदिन

**शंकरगढ़।** प्रयागराज की लोकप्रिय सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी का जन्मदिन यमुनापार के शंकरगढ़ में धूमधाम से मनाया गया। सभासद सुधा गुप्ता के आवास में जुटे दर्जनों भाजपाइयों और कार्यकताओं ने उनके दीर्घ और यशस्वी जीवन की मंगल कामना की। कार्यकताओं ने केक काटकर, मिठाई बांटकर रीता जी को कठोर, परिश्रमी,विदुषी और जनहित की सजग पहरी नेता बताते हुए क सामाजिक, शिक्षा और राजनीतक क्षेत्र में उनके विशेष योगदान की सराहना की। सभासद सुधा गुप्ता ने कहा कि हमे गर्व है कि हम सभी दीदी की छत्र छाया में आगे बढ़ रहे हैं और उनका जीवन नारी शक्ति का सशक्त उदाहरण है। मौके पर समाजसेवी रामखेलावन गुप्ता, चतुर्भुज दास गुप्ता, व्यापार मंडल के अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता समेत तमाम कार्यकताओं ने दीदी के व्यक्तित्व व कृतित्व की विभिन्न विशेषताओं का उल्लेख करते हुए उन्हें अलौकिक प्रतिभा का धनी बताया। जन्मदिन समारोह में स्थानीय कलाकार सुरेश कुमार केसरवानी (ओम शांति) ने अपनी रचनाओं से सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर सभासद सुजीत केसरवानी, रामानुज गुप्ता, सोमनाथ वर्मा, टमाटर गुरु, उमा वर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, जय केसरवानी, राजेश केसरवानी, नितेश केसरवानी, गुड्डू केसरवानी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सेमिनार में दौना काण्ड की पीड़िता शिवपतिया को किया जाएगा सम्मानित

**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) और बाबासाहेब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वावधान में प्रयागराज की धरती पर देश की प्रख्यात जानी मानी बुद्धिजीवी महिला पत्रकारों, सोसल ऐक्टिविस्टो, साहित्यकारों व लेखकों के एक दिवसीय महासम्मेलन में आगामी 24 जुलाई 2022 को सिविल लाइन स्थित हिंदुस्तानी एकेडमी में वर्तमान परिदृश्य में हिन्दू कोड बिलः जाति और पितृसत्ता विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया है।एक ओर जहां इस राष्ट्रीय सेमिनार में प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक प्रेम प्रकाश बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार रखेंगी तो वही दिल्ली से दलित लेखक संघ (दलेश) की अध्यक्षा डा. अनीता भारती राष्ट्रीय सेमिनार की अध्यक्षता करेंगी और पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय के अपर पुलिस अधीक्षक डा. बी.पी. अशोक बतौर मुख्य वक्ता अपने विचार रखेंगे तो दूसरी ओर वरिष्ठ महिला सोसल ऐक्टिविष्टे में हरियाणा से मोहिनी, पंजाब से हरप्रीत कौर, झारखण्ड से सुधा टुडू, छत्तीसगढ़ से गायत्री सुमन, रीवा एमपी से नीलू दहिया, जालौन से रेहाना मंसूरी, वाराणसी से सुमन, जौनपुर से उषा कोरांव से सभ्या शाक्या अपने विचार रखेंगी तो जेएनयू से रिसर्च स्कॉलर शुभी जैसे अलग अलग विश्वविद्यालयों के दर्जनों रिसर्च स्कॉलर अपने शोधपत्र राष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत करेंगे।

# 24 घंटे में धरे गए अंतरप्रांतीय लुटेरे

### एक के खिलाफ 11 तो दूसरे के खिलाफ दर्ज हैं आठ मामले, लूटी गई रकम, मोटरसाइकिल, तमंचा के साथ देशी बम बरामद

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने दो अंतरप्रांतीय लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से लूटी गई रकम, तमंचा, देशी बम के साथ घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद हुई है। इस शातिर के खिलाफ 11 तो दूसरे के खिलाफ पहले से आठ मामले पंजीकृत हैं।

बताते चलें कि गुरुवार को कस्बा शंकरगढ़ में नारीबारी स्टैंड पर ममता केवट पत्नी वीरेंद्र कुमार (मवैया मोड़, शंकरगढ़) खड़ी थी। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और ममता से 2500 रुपये नगद और आधार कार्ड छीनकर भाग निकले। इस मामले में पुलिस ने धारा 392 के तहत केस दर्ज किया। मामले की पड़ताल कर रही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय पगुआर से (कल्याणपुर नाला के बीच, नारीबारी रोड के किनारे) दो अंतरप्रांतीय हिस्ट्रीशीटर लुटेरों सौरभ तिवारी पुत्र बजरंग दत्त तिवारी (निवारी गोबरा, संग्राम, शंकरगढ़) और हिम्मत सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह (सूती भटिगवा, जनेह, रींवा, मध्यप्रदेश) को धर दबोचा। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इनके कब्जे से लूटा गया नगद, तमंचा, कारतूस, देशी बम बरामद हुआ। सौरभ तिवारी के खिलाफ शंकरगढ़, बरगढ़ (चित्रकूट) और जनेह (रींवा, एमपी) में कुल 11 मामले पंजीकृत हैं, जबकि हिम्मत सिंह के खिलाफ शंकरगढ़ और जनेह में कुल आठ मामले दर्ज हैं।


पुलिस की गिरफ्त में अंतरप्रांतीय लुटेरे।

## मोबाइल लुटेरों ने घेराबंदी पर चलाया बम, स्थानीय निवासी जख्मी

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती इलाके में सामने आई। यहां अहमदपुर असरौली निवासी मायरा का मोबाइल लूटकर भाग रहे बदमाशों ने घेराबंदी पर पुलिस टीम पर बम से हमला किया। इसमें पुलिसकर्मी तो बाल-बाल बच गए लेकिन स्थानीय निवासी इंतखाब जख्मी हो गया। अहमदपुर असरौली निवासी एहसानुल हसन दो दिन पहले बहन मायरा के साथ घर लौट रहा था। तभी पोंगहट पुल के पास बाइकसवार तीन बदमाश मायरा का मोबाइल छीनकर भागने लगे। उसने सूचना दी तो परिचित इंजमाम व इंतखाब ने मंदर मोड़ तिराहे पर मौजूद पुलिस पिकेट को सूचना दी ।पुलिसकर्मियों ने बैरियर लगाकर घेराबंदी तो हमलावर बाइक समेत गिर पड़े। लेकिन अगले ही पल उन्होंने बम से हमला कर दिया। इसमें छर्रे लगने से इंतखाब जख्मी हो गया जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। उधर दो बदमाश तो भाग निकले लेकिन उनके एक साथी को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूरामुफ्ती एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह ने पकड़े गए बदमाश की निशानदेही पर तीन अन्य युवकों को हिरासत में ले लिया गया है। यह धूमनगंज के मुंडेरा के रहने वाले हैं जो पूर्व में भी आपराधिक वारदातें कर चुके हैं।।से पूछताछ जारी है।

# गांव की दूसरी खुली बैठक में भी नहीं पहुंचा ब्लॉक का कोई जिम्मेदार

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** विकासखंड मेजा के महोली गांव की दूसरी खुली बैठक मैं एक बार फिर ब्लॉक का कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचा, जिससे प्रशासनिक कमेटी ग्रामीणों के साथ ब्लॉक पहुंच प्रस्तावित पारित समस्या को रखा। दरअसल गांव के रोजगार सहायक के पद पर अर्चना देवी नियुक्त है। जिसका कार्यभार रोजगार सहायक पति सुनील कुमार देखा करते हैं। सुनील कुमार पर प्रधान जानकी देवी एवं ग्रामीणों द्वारा भ्रष्टाचार का आरोप लगता रहा है। जिसकी शिकायत प्रधान द्वारा ब्लॉक कार्यालय को दी जाती रही है। इसी भ्रष्टाचार के चलते गांव विकास भी पिछले कई महीनों से प्रभावित रहा है। मामले में ग्रामीण सहित गांव की प्रधान रोजगार सहायक को बर्खास्त करने को लेकर बीते 11 जुलाई को गांव की खुली बैठक निर्धारित थी। बताया गया कि उक्त बैठक ब्लॉक के जिम्मेदारों के न पहुंचने के कारण मजाक का केंद्र बना रहा। इसी को लेकर शुक्रवार को भी खुली बैठक होना सुनिश्चित था। गांव की प्रधान ने बताया कि खुली बैठक में दो तिहाई सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, लेकिन दूसरी बैठक के दौरान भी ब्लॉक से जिम्मेदारों के द्वारा पुनरावृति की गई। गांव की प्रधान ने बताया कि उक्त खुली बैठक में किसी जिम्मेदार के न पहुंचने पर प्रशासनिक कमेटी ने रोजगार सेवक अर्चना देवी को बर्खास्त करने का प्रस्ताव पारित किया। बताया कि इस दौरान उपस्थित दो तिहाई सदस्यों द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन हुआ तथा ग्रामीणों ने अपनी सहमति भी जताई।

### दो तिहाई सदस्यों व सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में रोजगार सेवक के बर्खास्तगी का प्रस्ताव किया पारित



### सैकड़ों ग्रामीणों के साथ प्रशासनिक कमेटी पहुंचा ब्लॉक

रोजगार सहायक अर्चना देवी के बर्खास्तगी का पारित प्रस्ताव लेकर प्रशासनिक कमेटी सैकड़ों ग्रामीणों के साथ ब्लॉक पहुंच गया। जहां खंड विकास अधिकारी सईद अहमद खान को पारित प्रस्ताव के साथ एक ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम सचिव एवं रोजगार सेवक की अनुपस्थिति में रोजगार सेवक के निष्कासन की प्रक्रिया नियम अनुसार पूरी कर ली गई है।



### मुख्यमंत्री के आदेश का नहीं दिख रहा असर

**झूंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिन पहले वाराणसी प्रयागराज मार्ग के बीच कांवड़ यात्रा के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए है। जिसके बाद भी अभी तक न तो स्वास्थ्य शिविर बना न ही डायवर्जन के बाद बसों का शास्त्री पुल पर से आवागमन रुका। जिसके चलते जाम लग जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हर घर तिरंगा व कावड़ यात्रा की जानकारी लेते हुए घाट से लेकर कावड़ मार्ग तक सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की जिले के अधिकारियों को हिदायत दी। लेकिन मुख्यमंत्री के हिदायत का खास असर जिले के अधिकारियों पर नहीं दिखा सावन मास शुरू हुए हप्ते भर बीत गए पर अभी तक झूंसी से हनुमानगंज तक कावड़ मार्ग पर कही भी स्वास्थ्य शिविर नही लगाया गया। जिसकी वजह से सोमवार की रात हनुमानगंज में बाइक की टक्कर से घायल हुए एक कावड़िये को प्राइवेट हास्पिटल व दूसरे को सीएचसी बनी ले जाना पड़ा। अभी तक बसों का आवागमन भी नही रोक गया बसों के आवागमन की वजह से रह रह कर जीटी रोड जाम लग जा रहा है।

# प्रा. विद्यालय कपासी में जलभराव की एसडीएम से हुई शिकायत

अखंड भारत संदेश

### एसडीएम ने बीडीओ को समस्या निराकरण के लिए निर्देश



**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय कपासी कला के विद्यालय परिसर में नहर व बरसात के पानी का ठहराव होने से बच्चों का शिक्षण कार्य प्रभावित होने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम से की है। दर्जनभर ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर यह कहा है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय कपासी कला के परिसर में गत वर्ष नहर व बरसात का पानी भरा रहता था। नहर के पानी का निकास भी विद्यालय परिसर ही था। इस वर्ष विद्यालय के ठीक बगल पंचायत भवन बनने एवं आसपास के खेतों में मिट्टी का पटान कर देने से स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। क्योंकि विद्यालय परिसर से नहर व बरसात के जल निकासी का रास्ता भी अवरुद्ध हो गया है। नहर व बारिश के पानी का एक साथ भराव होने से विद्यालय परिसर व कक्षा कक्ष में जलभराव निश्चित है। इस दशा में हमारे गांव के बच्चों का शिक्षण कार्य बाधित होगा। इसका सीधा प्रभाव उनके भविष्य पर पड़ेगा। ग्रामीण शिकायतकताओं में पारसनाथ सिंह, अवध कुमार सिंह, उदय शंकर सिंह, प्रेम शंकर, बिहारीलाल, रमाशंकर सिंह, महेंद्र प्रसाद सिंह, राजेंद्र प्रसाद, राजनारायण, महेश्वरी प्रसाद आदि ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय परिसर में मिट्टी पटान कार्य कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम योगेंद्र सिंह ने बीडीओ कोरांव मुकेश कुमार को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

# यथार्थ, त्याग और समर्पण का प्रतीक है भगवा रंग: आलोक

### सावन माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी को आर्य राम वाटिका में गुरु पूजन महोत्सव का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** यमुनापार के शंकरगढ़ कस्बे में स्थित आर्य राम वाटिका में बुधवार की देर शाम (श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु पूजन महोत्सव आयोजित किया गया। शंकरगढ़ के पुरानी बाजार में स्थित वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रचारक आलोक जी ने बताया कि आर्य भूमि पर वेदव्यास के अवतरण दिवस को गुरु पूर्णिमा के उत्सव के रूप में मनाने की प्राचीन परंपरा चली आ रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भगवा ध्वज को अपना गुरु माना है।भगवा ध्वज को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु इसलिए माना गया है क्योंकि भगवा रंग यथार्थ, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। कहा कि यह ऋषि-मुनियों, संत महात्माओं का प्रतीक है। कहा कि सन 1857 की क्रांति में जो आजादी का युद्धघोष भगवा ध्वज को आगे कर किया गया था, उसी ने देश को आजादी दिलाई। आयोजन की अध्यक्षता विजयशंकर पांडेय (गोरक्षा प्रमुख विहिप) ने की। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शंकरगढ़ नगर प्रचारक आशुतोष,जिला बौद्धिक प्रमुख मुकेश, खंड कार्यवाह शैलेंद्र ने भी गुरु की महत्ता पर विचार रखे। कार्यक्रम में आयोजक कृपा शंकर द्विवेदी, रोहित केसरवानी ने क्षेत्र के स्वयं सेवकों के सहयोग से आयोजन को संपन्न कराया। मौके पर विहिप के जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, प्रमोद चतुर्वेदी, आदर्श दुबे, रामानुज गुप्ता, टमाटर गुरु, कुशल जैन, सतीश केसरवानी, राम सिंह, विनय द्विवेदी आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।







# जंघई से कांवरियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** सावन मास में शुक्रवार को जंघई बाजार से कांवरियों का जत्था बाबा वैद्यनाथ के दर्शन जलाभिषेक के लिए गाजे बाजे ढोल नगाड़ों के साथ जंघई जंक्शन से प्रस्थान किया।आस्था व श्रद्धा का मास सावन में कावरियों द्वारा सर्व प्रथम सुल्तानगंज से स्नान के बाद बाबा का जलाभिषेक करने के लिए जल उठाकर झारखंड स्थित बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक कर दर्शन करेंगे। उसके बाद बाबा बासुकी नाथ का दर्शन के साथ ही राजगीर, माँ विन्ध्यवासिनी व बाबा विश्वनाथ वाराणसी दर्शन कर घर के लिए रवाना होंगे। विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ पूजन करते हुए हर हर महादेव के गगनभेदी नारों के साथ भगवा मय कांवरिया काफी उत्साह व जोश के साथ प्रस्थान किये। इस मौके पर विकास जायसवाल, सुजल जायसवाल, कल्लू जायसवाल, प्रवीण पांडेय, छोटेलाल सोनी, विक्की जायसवाल, मोनू, अंजनी, सिंटू, अनिल, बलई आदि लोग मौजूद रहे।



# डाल्फिन के हर्षित मिश्रा 96.4 अंक पाकर बने टॉपर

## जवाहर नवोदय विद्यालय तथा न्यू एंजिल्स के छात्रों ने प्राप्त किया 95 प्रतिशत से ऊपर अंक


रिजल्ट आने के बाद न्यू एंजिल्स स्कूल में जश्न मनाती छात्राएं।


हर्षित मिश्रा


स्वाती दुबे


सारा दरख्शा।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई का इंटरमीडिएट का रिजल्ट दोपहर में व हाईस्कूल का रिजल्ट शाम को आया जिसमें मेधावियों ने रिजल्ट जानकर अपने-अपने विद्यालयों में पहुंचकर जश्न मनाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डाल्फिन पब्लिक स्कूल छींटपुर के इंटर के हर्षित मिश्रा पुत्र ओम प्रकाश मिश्रा ने 500 में 483 अंक 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया गया है।

जवाहर नवोदय विद्यालय की स्वाती दुबे को 96 प्रतिशत व श्रेया सिंह को 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में इंटर मीडिएट में सारा दरख्शां ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में हाईस्कूल में अंकिता जायसवाल को 95.2 और अमूल्य प्रताप सिंह को 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा ने मेधावियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा स्कूल के मेधावी छात्रों का मुंह मीठा कराया। ज्यादातर बच्चे रिजल्ट देखने के बाद अपने-अपने विद्यालय पहुंचे थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीके सोनी ने इंटर में 210 बच्चों ने परीक्षा दी थी। इनमें से केवल एक बच्चा फेल हो, शेष सभी बच्चे पास हुए हैं। इसी प्रकार जवाहर नवोदय विद्यालय में 51 छात्रों ने इंटर की परीक्षा दी थी, वे सभी उत्तीर्ण हुए हैं।

इनमें से 13 बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर अंक पाए हैं। डाल्फिन पब्लिक स्कूल में 131 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में 123 उत्तीर्ण हुए हैं। डाल्फिन के भी टापर सहित अन्य छात्र-छात्राएं स्कूल पहुंचे जहां प्रबंधक अनिल त्रिपाठी, संरक्षक राजेश पाण्डेय, प्रधानाचार्य आषीष गुप्ता ने बच्चों का मुंह मीठा कराया। देर शाम तक स्कूल में बच्चों ने अपनी खुशी का इजहार अलग-अलग ढंगों से किया।

# इण्टर की टॉपर सूची में संस्कार ग्लोबल स्कूल का दबदबा कायम

**अखंड भारत संदेश**


छात्रा के टॉपर करने पर मुंह मीठा खिलातीं।

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई की इण्टर मीडिएट परीक्षा में संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल और इण्टर मीडिएट में अधिकांश बच्चे 90 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण रहे। 95.6 फीसदी अंकों के साथ यशी सिंह बारहवीं में अव्वल रही। इसके अलावा शाम्भवी सिंह 95.4 प्रतिशत, सताक्षी सिंह 95.2 अंकों के साथ टॉपटेन सूची में शामिल रहे। चेयरपर्सन डॉ. अंजना सिंह सेंगर ने बच्चों को बधाई देते हुए इसका श्रेय बच्चों की लगन एवं शिक्षकों की मेहनत को दिया। निदेशक संजय सिंह, प्रिंसिपल स्मृति सिंह ने बच्चों को बधाई दी। प्रभारी प्रधानाचार्य समीना अख्तर ने बच्चों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। उधर हाईस्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वेदान्त गुप्ता 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर रहा। इसी तरह आयुष गुप्ता 97.8, मोहन सिंह 97.6, अखिलेश कुमार शर्मा 97.6,अखण्ड प्रताप सिंह और शुभी 97.2,अक्षिता सिंह 97, शिप्रा यादव 96.6, आशुतोष प्रताप सिंह 96.4,अबु हजंला,सौरभ कुमार और आकृति सिंह 96.2 अंक पाकर टॉप टेन की सूची में शामिल रहे।

# कटरा गुलाब सिंह की शुभांगी बनी जिले की टॉपर

## प्रदेश के कुल चयनित बच्चों में दूसरा स्थान

### विद्यालय के प्रधानाध्यापक राज्य अध्यापक पुरस्कृत मो० फरहीम हुए गदगद

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** जिले की शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों में हमेशा अव्वल रहने वाले कटरा गुलाब सिंह विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों की जितनी प्रसंशा की जाय कम ही है। यहां के बच्चों ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन करते हुए प्रदेश में एक ही विद्यालय के छब्बीस बच्चों ने परीक्षा में सफलता हासिल कर एक उदहारण प्रस्तुत किया है।

राष्ट्रीय आय एवं योगिता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह की शुभांगी सिंह ने पूरे जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जिले की टॉपर रही। इस विद्यालय की शुभांगी सिंह, पियूष, विपिन कुमार,नितेश पाल, रोली अग्रहरि, चंदन पवन विश्वकर्मा, अंश कुमार, स्नेहा सरोज, ऋषि अग्रहरी ,अजीत कुमार प्रजापति, विशिष्ट अग्रहरी, खुशी शर्मा,लकी श्रृक्ला शुक्ला,पूजा मिश्रा, अर्पित सिंह, हर्षवर्धन शुक्ला, शिवानी सरोज, आस्था सिंह, इशिका अग्रहरी,रुचि मिश्रा, प्रतीक मिश्रा, खुशी पटेल अनुराग जयसवाल अमन,सृष्टि अग्रहरी, प्रियांशु मौर्या सहित कुल 26 बच्चे चयनित हुए। पूरे प्रदेश में उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के चयनित बच्चों का दूसरा स्थान है। शिव बहादुर मौर्य खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता तथा भूपेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ ने बच्चों एवं उनके शिक्षकों को शुभकामनाएं दी हैं। शिक्षक पितामह यादव, आशा मिश्रा, शिखा श्रीवास्तव, मनोज कुमार ने भी बच्चों को बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की।


शुभांगी सिंह।

## शानदार रहा आइन्स्टीन पब्लिक स्कूल का रिजल्ट

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आइन्स्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज, प्रतापगढ़ के हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड का परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी की लहर छा गई। शिक्षकों ने बच्चों व अभिभावकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। परीक्षा परिणाम के अनुसार अंशिका गुप्ता 479 (95.8 प्रतिशत) प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा तूसार साहू 477 (95.4 प्रतिशत), अनुराज प्रताप पटेल 473 (94.6 प्रतिशत), हरिओम शुक्ला 472 (94.4 प्रतिशत), कुनाल सिंह 470 (94 प्रतिशत) ने विद्यालय को गौरवान्वित किया।

# धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो: विधायक

## लक्ष्मणपुर ब्लाक में शिव मंदिर की हुई स्थापना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लॉक के अंतर्गत प्रमुख प्रेमलता सिंह की प्रेरणा से डॉक्टर राकेश सिंह एवं समाज के संभ्रांत व्यक्तियों की ओर से एक शिव मंदिर की स्थापना हुई जिसमें भगवान शिव उनके परिवार माता पार्वती, गणेश जी, कार्तिकेय जी और हनुमान जी का श्री विग्रह विराजित किया गया।

इस अवसर पर डॉ राकेश सिंह द्वारा क्षेत्रीय विधायक जीत लाल पटेल, दासानुदास ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास, सांसद संगम लाल गुप्ता के प्रतिनिधि उनके छोटे भाई दिनेश गुप्ता, संगीतज्ञ मधुकर जी, तूफान सिंह को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विधायक जीत लाल पटेल ने कहा कि हमारा उद्देश्य धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो। धमाचार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने कहा कि यह पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय की जन्म स्थली है और पंडित जी ने अपने निज निवास पलटन बाजार में धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी के नेतृत्व में शिव मंदिर की स्थापना किया था।


कार्यक्रम में मौजूद विधायक जीतलाल पटेल।

## 31 जुलाई तक करें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य ने बताया है कि जनपद के समस्त राजकीय/निजी औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थानों में अभ्यर्थी प्रवेष हेतु परिषद की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन 31 जुलाई 2022 तक कर सकते है। आनलाइन आवेदन शुल्क सामान्य एवं पिछड़ी जाति हेतु रुपए 250 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु 150 रुपए निर्धारित है। विस्तृत जानकारी हेतु जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान में सम्पर्क कर सकते हैं।

# शौचालय का पैसा ग्रामीणों के बैंक खाते से गायब

## ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर मामले की जांच कराये जाने की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** केन्द्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर स्वच्छ भारत मिशन शौचालय की जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी धज्जियां उड़ा रहे हैं। फर्जी तरीके से शौचालय का पैसा बैंक के खाते से निकाल कर माला माल हो रहे हैं।

मामला विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत रामपुर गड़ौली का है जहां वर्ष 2021 में गांव में लगभग 100 लोगों का शौचालय नहीं बना और उनके खाते से शौचालय का पैसा निकल गया जब इस बात की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो गांव में हड़कम्प मच गया। शौचालय के न बनने से बुजुर्ग, महिलाओं, पुरुषों व लड़कियों को खुले में शौच जाने को मजबूर होना पड़ रहा है जिससे बारिश के दौरान जहरीले जन्तुओ से खतरा बना रहता है। ग्रामीणों में इस कारगुजारी को लेकर आक्रोश पनप गया। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि 7-8 साल पूर्व मृतकों के नाम भी शौचालय का पैसा आया था जो खाता से निकल गया जिसकी भनक तक नही लगी, जिससे साफ जाहिर होता है कि केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गई है जब कि हकीकत कुछ और है जिस पर जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंख बन्द किये हुए है। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला मुख्य विकास अधिकारी व डीपीआरओ से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है।


पंचायत भवन पर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## 25 जुलाई से पंजीकृत श्रमिकों के बनेंगे गोल्डेन कार्ड

**प्रतापगढ़।** पंजीकृत पात्र श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों का गोल्डेन कार्य बनाये जाने के लिये 25 जुलाई से 14 अगस्त तक विषेष अभियान चलाया जायेगा जिसमें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना लागू की गयी है। अभियान अवधि में प्रत्येक सी0एस0सी0 (जनसेवा केन्द्र) एवं राषन वितरण से सम्बन्धित कोटेदारों आरोग्य मित्र आदि के माध्यम से योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड बनाये जायेगें जोकि बोर्ड में पंजीकृत पात्र श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों का गोल्डेन कार्ड बनाये जाने हेतु कैम्प का आयोजन किया जायेगा। सभी पात्र श्रमिक अभियान अवधि में अपने नजदीकी सीएससी पर पहुॅचकर अपना गोल्डेन कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनवाना सुनिष्चित करें। यह जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय द्वारा दी गयी है।

# बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु 20 जुलाई तक नामांकन उपलब्ध कराएं: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा मल्लिका-ए-गजल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा, ठुमरी, गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक जिसकी आयु 40 वर्ष से कम न हो को बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है जिसके अन्तर्गत चयनित कलाकार को रुपए 5 लाख की धनराषि, अंगवस्त्रम एवं प्रषस्ति पत्र भेंट स्वरूप प्रदान किया जाता है। बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु कलाकार उत्तर प्रदेष का मूल निवासी अथवा उसकी कर्मभूमि उत्तर प्रदेष होना चाहिये। कलाकार को अपनी प्रतिभा की दीर्घ साधना एवं श्रेष्ठ उपलब्धि के भरसक निर्विवाद मानदण्डों के आधार पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त होनी चाहिये। यह पुरस्कार कलाकार के गायन के क्षेत्र में सम्पूर्ण उपलब्धियों के आधार पर प्रदान कया जायेगा न कि किसी एक विषिष्ट संरचना के लिये। उन्होंने बताया है कि बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु पात्र महानुभाव 20 जुलाई तक मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से निर्धारित प्रारूप पर नामांकन हेतु आवेदन प्राप्त किये जायेगें। बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप संस्कृति विभाग की वेबसाइट तथा जिला सूचना कार्यालय प्रतापगढ़ से प्राप्त कर सकते हैं।

# बदहाली के आंसू बहा रहा है पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

## कागजो पर है सुविधा और संसाधन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां पर कागजों पर सुविधा और संसाधन उपलब्ध है, लेकिन हकीकत में देखरेख के अभाव में तथा लापरवाही के चलते लोगों को सही इलाज नहीं मिल पा रहा है। बरसात के मौसम में पट्टी नगर में स्थित अस्पताल तालाब में तब्दील हो जाता है।

पट्टी नगर के रायपुर रोड पर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यहां पर सैकड़ों गांव के लोगों का एकमात्र प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। एक साल पहले शासन के निर्देश पर यहां पर ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था लेकिन वह भी कनेक्शन की कमी के कारण ठीक ढंग से संचालित नहीं हो पा रहा है। वहीं ऑपरेशन थिएटर का हाल तो बहुत ही बदहाल है ऑपरेशन थिएटर का बेड पूरी तरह से बदहाल है कई जगह से। बेड के चिथड़े निकल आए हैं तो वही ऑपरेशन थिएटर में गंदगी का अंबार भी दिखाई दे रहा है। ऐसे में सुविधा और संसाधन भले ही कागजों पर दिखाई देता हूं लेकिन हकीकत में लोगों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी बदहाल केंद्र बन कर रह गया है।


पट्टी सीएचसी पर बिना बेडशीट का आपरेशन थियेटर।

### तालाब में तब्दील हो जाता है अस्पताल परिसर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बरसात के मौसम में पट्टी नगर में स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का परिचय तालाब में तब्दील हो जाता है थोड़ी सी भी बरसात होती है तो मरीज और तीमारदार दोनों के लिए अस्पताल तक पहुंचना दुष्कर कार्य हो जाता है। वहीं पानी भर जाने से रोगों के पनपने की संभावना भी बढ़ जाती है लेकिन अस्पताल प्रशासन इस संबंध में कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

# हत्या के अभियोग में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार, इलाज के दौरान हुई थी मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना जेठवारा पर आवेदक सुरेन्द्र कुमार सरोज पुत्र राजेन्द्र सरोज द्वारा यह सूचना दी गई कि 18 जुलाई 2022 की रात्रि में सुजीत कुमार सरोज आदि 06 लोगों द्वारा उनका रास्ता बंद कर दिया गया व विवाद करने लगे मना करने पर विपक्षियों द्वारा उनसे व उनके परिजनों से मारपीट की गई एवं उनके पिता के सिर पर गम्भीर प्रहार कर घायल कर दिया गया, जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ ले गये थे वहां से उन्हे प्रयागराज रेफर कर दिया गया था जहां उनकी मृत्यु हो गई है।

घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जेठवारा पर मु0अ0सं0 193/2022 धारा 147, 302, 323, 504, 506 भादंवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु संबंधित को दिये गये कड़े निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को थाना जेठवारा के प्रभारी निरीक्षक श्री आदित्य कुमार सिंह मय हमराह द्वारा उक्त अभियोग की विवेचना/कार्यवाही के अन्तर्गत अभियोग में वांछित एक अभियुक्त सुजीत सरोज एवं दो अभियुक्ता अनीता देवी व गीता देवी को थाना क्षेत्र जेठवारा के सरायआनादेव, अमरौना चैराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्री आदित्य कुमार सिंह, उ0नि0 शेषनाथ सिंह, कां0 प्रतीक यादव, कां0 अनुराग शुक्ला, म0कां0 छाया सिंह व म0कां0 पूजा सिंह थाना जेठवारा, जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे।

## चार के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना मे एक नामजद तथा तीन अज्ञात के खिलाफ बुधवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के खरगपुर निवासी अबरार अहमद के पुत्र यासिर जॉन ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि चैदह जुलाई को दिन मे साढे बारह बजे तेजगढ़ कमौरा निवासी दिलजार खां तीन अज्ञात लोगों के साथ सगरा सुंदरपुर तिराहे पर उसे घेरकर मारापीटा। शोर मचाने पर राहगीर जुटने लगे तो आरोपियो ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी।

# चार आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा मारपीट व गालीगलौज का केस दर्ज किया है। कोतवाली के तिना चितरी निवासी गिरिजाशंकर कोरी के पुत्र मनोज कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्रह जुलाई की शाम साढे छः बजे हदिराही गांव के सुनील वर्मा पुत्र मेवालाल तथा ओरी का पुरवा निवासी अनिल व करन वर्मा उर्फ कल्लन पुत्र गंगाराम ने एकराय होकर उसे जातिसूचक गालियां देने लगे। मना करने पर आरोपियो ने पीड़ित को लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार की रात करन वर्मा समेत चार के खिलाफ सीओ के निर्देश पर केस दर्ज किया है।

## पीस कमेटी की बैठक में त्यौहारों को लेकर सौहार्द पर दिया गया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रावण माह तथा आगामी मोहर्रम के त्यौहार को लेकर गुरूवार की शाम कोतवाली परिसर मे शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सौम्य मिश्र ने कहा कि पर्व एवं त्यौहार पर सामुदायिक एकता तथा सौहार्द बनाए रखने में सभी की भूमिका जागरूक होनी चाहिए। बैठक में ताजियादारों ने भी मोहर्रम के जुलूस को लेकर बिजली पानी आदि की समस्याओं की जानकारी दी। वहीं कांवड यात्रा के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखने का लोगों ने संकल्प जताया। बैठक का संचालन प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने किया। एसडीओ विद्युत शुभम ने बिजली से जुडी केबिल आदि की समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। इस मौके पर एबादुर्रहमान, बेलाल रहमानी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल महेश, छोटेलाल सरोज, धीरज दुबे, एसआई जावेद अहमद आदि रहे।

## लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम का दर्ज हुआ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम का केस दर्ज किया है। तहसील के असरही मे तैनात लेखपाल कृष्णदेव पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सराय वान सिंह निवासी अजीज के पुत्र इलियास ने पूरे केवल गांव मे ग्रामसभा की जमीन पर धान की रोपाई कर अवैध कब्जा कर लिया है। लेखपाल ने आरोपी के अतिक्रमण की रिपोर्ट एसडीएम को दी। एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार की रात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### गेहूं खरीद में सफलता से दूर रहा विभाग

**औसत 14 कुंटल प्रति केंद्र प्रतिदिन गेहूं की खरीद तक सीमित रह गए खरीद केंद्र प्रभारी**

**कौशांबी।** केंद्र सरकार के निर्देश पर वर्ष 2022 में सरकारी गेहूं खरीद के लिए जिले में 34 खरीद केंद्र बनाए गए थे 1 अप्रैल से 15 जून तक गेहूं खरीद का लक्ष्य सरकार ने रखा था लेकिन 75 दिन के बीच 34 खरीद केंद्र में 931 किसानों से साढ़े तीन हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद विभाग कर सका है लक्ष्य के सापेक्ष 7.58 प्रतिशत ही जिले में गेंहू की खरीद हो सकी है जबकि सरकार ने 45 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य विभाग को दिया था इतना ही नहीं गेहूं खरीद के लिए ढाई महीने का समय दिए जाने के बाद पीसीएफ खरीद केंद्र गेहूं खरीद में शून्य रहा एक दाना भी पीसीएफ का केंद्र गेहू नहीं खरीद सका है 34 गेहूं खरीद केंद्र में किसानों की गेहूं खरीद करने के लिए सैकड़ों अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन सैकड़ों अधिकारी कर्मचारियों ने 75 दिन में केवल 931 किसानों से साढ़े तीन हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद किया है गेहूं खरीद में विभाग की असफलता बड़ी जांच का विषय है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**घटना के पूर्व विवाहिता को ससुराली जनों ने बेरहमी से पीटा था**



मृतक विवाहिता की फाइल फोटो

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव की एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है ससुराली जनों का कहना है कि विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूछताछ के लिए तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के खरौना गांव की उपासना देवी उम्र लगभग 28 वर्ष की शादी 2 मई 2020 को कोविड-19 काल में महेवा घाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव निवासी सुनील पासी के साथ हुई थी बताया जाता है कि शादी के पहले से सुनील पासी का अपनी भाभी से अफेयर चल रहा है जिसके चलते आए दिन विवाहिता उपासना देवी का पति से विवाद होता था गुरुवार को इसी बात को लेकर विवाहिता के पति सुनील पासी और उसकी जेठानी ने विवाहिता को बेरहमी से पीटा था विवाहिता का पति का कहना है कि झगड़े के बाद वह घर से बाहर चला गया जब वापस लौट कर आया तो विवाहिता की लाश लटक रही थी लेकिन यह बात ग्रामीणों को हजम नहीं हो रही है मामले की सूचना मिलते ही विवाहिता के मायके के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और उपासना देवी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जन चर्चाओ पर जाएं तो भाभी से अफेयर के चलते देवर भाभी ने मिलकर पीट-पीटकर विवाहिता की हत्या कर दी है और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से विवाहिता की लाश को टांग कर आत्महत्या का रूप दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष भवानी सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विवाहिता की मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पर मिली युवक की लाश

**2 दिन से घर से गायब युवक की चरवा थाना के अमनी लोकीपुर रेलवे लाइन पर मिली लाश**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली अंतर्गत अमनी लोकीपुर गांव के समीप रेलवे लाइन पर बृहस्पतिवार को एक शव पड़ा देखा गया है रेल लाइन के पास शव की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई जानकारी मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव की शिनाख्त करा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर परिजन पहुंच गए हैं युवक दो दिन पहले घर से गायब हुआ था। जानकारी के मुताबिक कोखराज कोतवाली के सिकंदरपुर बजहा गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र मुन्नीलाल 2 दिन पहले घर से निकला था फिर वापस नहीं लौटा परिजनों के मुताबिक उसकी दिमाग की हालत ठीक नहीं है परिवार के लोगों के मुताबिक उसका इलाज चल रहा था वापस ना आने पर परिवार के लोग खोजबीन करने में परेशान थे बृहस्पतिवार को जैसे ही परिजनों को जानकारी मिली कि उनके लाडले की लाश रेल लाइन पर पड़ी है ट्रेन की टक्कर से मौत हो गई है। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे है घर से गायब युवक 2 दिन कहां रहा इस बारे में कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत होती है।

## न्यूज झरोखा

### हल्की बारिश में नर्क बना मंझनपुर ...



**कौशांबी।** जल निकासी और साफ सफाई की व्यवस्था में करोड़ों की रकम खर्च करने के बाद भी नगर पालिका परिषद मंझनपुर की दुर्दशा कम नहीं हुई है गुरुवार को 1 घंटे की बरसात के बाद नगर की गलियों में नालियों का कीचड़ बहने लगा है नालियां जाम हो गई है जिससे पूरी सड़क और गली कीचड़ युक्त हो गई है गंदा पानी और कीचड़ गलियों में भर जाने से लोगों को आने-जाने और निकलने में दिक्कत होने लगी नाली का कीचड़ लोगों के घरों के अंदर तक पहुंचने लगा एक तरफ स्वच्छता अभियान के नाम पर सरकार तमाम प्रचार प्रसार कर रही है कुछ दिन पहले भी मंझनपुर नगर पालिका ने रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया था आखिर नगर क्षेत्र के साफ-सफाई जल निकासी नाली खड़ंजा के नाम पर करोड़ों की रकम नगर पालिका ने किस कार्य योजना से खर्च कर दिया है जिससे नगर में जल निकासी की समस्या का समाधान नहीं हो सका है नगर के लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नगर पालिका में बढ़ते भ्रष्टाचार पर नगर पालिका के अधिकारियों को दंडित करने की मांग की है

### नाबालिग बालिका से छेडखानी को लेकर दो पक्षों में मारपीट




**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के भड़ेसर गांव में एक नाबालिंग बालिका से छेड़खानी को लेकर शुक्रवार के गांव के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया है दोनों पक्ष से मारपीट हुई है बताया जाता है कि बालिका खेत की ओर गयी थी जहां उसके साथ गांव के एक युवक द्वारा छेड़खानी की गई है दोनों पक्षों में विवाद होने के बाद मामले को लेकर दोनों पक्ष के दर्जनों लोग मंझनपुर कोतवाली में एकत्रित है विवाद के बाद गांव में तनाव की स्थिति है लेकिन फिर भी कुछ लोग मामले में सुलह समझौता कराने के प्रयास में लगे हैं

### 6 ब्लॉक में गहरी और मध्यम बोरिंग की शासन से मिली अनुमति

**साढ़े तीनमहीने बीत जाने के बाद भी वर्ष 2022 में गहरी माध्यम और समूह बोरिंग की अभी शासन से नहीं मिली है अनुमति**

**कौशांबी।** किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए सरकार लघु सिंचाई विभाग के द्वारा नलकूप की बोरिंग कराती है नलकूप बोरिंग में किसानों को अनुदान भी दिया जाता है जिले में बीते वर्ष 43 मध्यम गहरी बोरिंग के नलकूप लगाए गए और 14 गहरी बोरिंग के नलकूप लगाए गए हैं समूह योजना के तहत नलकूप की बोरिंग जिले में शून्य रही है पानी का स्तर नीचे चले जाने से जिले के 6 ब्लॉक में बोर्डिंग रोक दी गई थी केवल कौशांबी और सरसवा विकासखंड क्षेत्र में नलकूप की बोरिंग की जाती थी लेकिन सरकार ने जिले के मंझनपुर कड़ा सिराथू नेवादा कौशांबी सरसवा विकासखंड क्षेत्र में बोरिंग की अनुमति दे दी है जिससे 6 विकास खंड क्षेत्र के किसानों को नलकूप बोरिंग में आसानी होगी नलकूप की बोरिंग अधिक होने से खेतों की फसलों को अधिक पानी मिलेगा और अब किसानों की फसलें नहीं सूखेगी मूरतगंज और चायल विकास खंड क्षेत्र में नलकूप बोरिंग पर अभी भी रोक लगी हुई है इस संबंध में लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता शुभम मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2022 में गहरी माध्यम और समूह बोरिंग की अभी शासन से अनुमति नहीं मिली है साढ़े तीन महीने बीत जाने के बाद भी नलकूप बोरिंग की अनुमति नहीं मिली है और माननीयों ने भी किसानों की इस गंभीर समस्या के समाधान का प्रयास नहीं किया है।

# विकास भवन से गायब रहते हैं अधिकारी कर्मचारी



विकास भवन के बाल श्रम कार्यालय में अधिकारियों की खाली कुर्सी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** विकास भवन में दर्जनों सरकारी कार्यालय खुले हुए हैं लेकिन विकास भवन के एक दर्जन कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी समय से कार्यालय नहीं पहुंचते हैं तमाम कार्यालयों में पूरे दिन बीत जाने के बाद अधिकारी कर्मचारी गायब रहते हैं कार्यालय में मौजूद अन्य लोग गायब अधिकारी कर्मचारी के बारे में जानकारी नहीं दे पाते हैं कुछ कर्मचारी तो ऐसे हैं जो महीने में तीन-चार दिन ही कार्यालय आते हैं तमाम अधिकारी कर्मचारी इलाहाबाद से आते हैं और जब मर्जी हुई तो कार्यालय नहीं आते हैं पूरे दिन यह इलाहाबाद में क्या करते हैं यह जांच का विषय है शुक्रवार को भी विकास भवन के तमाम कार्यालयों से अधिकारी कर्मचारी गायब थे भूतल से लेकर पहली और दूसरी मंजिल में स्थापित तमाम कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारी शुक्रवार को कार्यालय में मौजूद नहीं थे कार्यालयों में अधिकारियों कर्मचारियों के गायब रहने के चलते गांव क्षेत्र से आने वाली पीड़ित जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है जिससे पूरे दिन गांव क्षेत्र की जनता अधिकारी कर्मचारी के इंतजार में विकास भवन परिसर और उसके आसपास उम्मीद लगाएं मौजूद रहती है लेकिन अधिकारी कर्मचारियों के गायब रहने से पीड़ित जनता को देर शाम वापस लौटना पड़ता है आखिर योगी सरकार के निर्देश के बाद कार्यालयों की उपस्थिति में अधिकारी कर्मचारी इतनी लापरवाही क्यों कर रहे हैं।

### गंदगी से जूझ रहा विकास भवन...



**कौशांबी।** विकास भवन की साफ-सफाई चौपट हो चुकी है विभागीय अधिकारी से लेकर जिला विकास अधिकारी भी विकास भवन की गंदगी की साफ सफाई कराने के प्रति लापरवाह बने हुए हैं दूसरी मंजिल के शौचालय मूत्रालय की गंदगी से आसपास इतनी दुर्गंध पहुंच रही है कि गैलरी से आने जाने में भी फरियादियों को दिक्कतें होती हैं पहली मंजिल के शौचालय मूत्रालय का भी यही हाल है कृषि विभाग के बगल में बने शौचालय मूत्रालय से उठने वाली दुर्गंध के चलते वहां 2 मिनट खड़ा होना मुश्किल होता है नीचे की मंजिल में गेट के पास फरियादियों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था की गई है लेकिन जहां पर पानी का नल लगा हुआ है वहां पर गंदगी व्याप्त है जिससे विकास भवन में आने वाले फरियादी या तो प्यास से तड़पते रहे या गंदगी के बीच वह नल से पानी पिए अधिकारी बंद बोतल का पानी पीकर गला तर कर रहे हैं लेकिन गांव क्षेत्र से आने वाली जनता को पीने के पानी की व्यवस्था भी विकास भवन के अधिकारी नहीं कर सके हैं।

# भाई की हत्या करने वाले युवक ने मां पर किया प्राणघातक हमला

**भाई की हत्या का आरोपी मोनू की गिरफ्तारी में पुलिस क्यों कर रही है लापरवाही**

**अखंड भारत संदेश**

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अमीना गांव में 30 जून को दिन दहाड़े अशोक कुमार केसरवानी पुत्र शिवमंगल केसरवानी को लाठियों से पीटकर उसके भाई मोनू केशरवानी ने मौत के घाट उतार दिया था मामले में पश्चिम सरीरा थाने में मुकदमा दर्ज है लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है भाई की हत्या में नामजद मोनू केसरवानी ने बीती रात लगभग 9:30 बजे अपनी मां शिव दुलारी पत्नी शिव मूरत केसरवानी के ऊपर हमला कर दिया है जिससे महिला को चोटें आई हैं महिला पर हमले की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने आरोपी मोनू केसरवानी को ललकारा जिस पर वह मौके से गायब हो गया आरोपी बेटे के हमले के बाद से महिला डरी सहमी हुई है महिला को आशंका है कि उसके मझले बेटे अशोक केसरवानी की हत्या के बाद उसका छोटा बेटा मोनू केशरवानी महिला की भी हत्या कर सकता है बताते चलें कि महिला का बड़ा बेटा प्रकाश जीविकोपार्जन के लिए अहमदाबाद में रहता है घर में दो बेटे अशोक केसरवानी और मोनू केशरवानी रहते थे अशोक केसरवानी की हत्या हो चुकी है जिससे अब घर में महिला शिव दुलारी अकेले हैं मामले की सूचना पीड़ित महिला ने पश्चिम सरीरा पुलिस को दी है अब सवाल उठता है कि भाई की हत्या में नामजद मोनू केसरवानी की अभी तक पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की है महिला पर आरोपी बेटे द्वारा हमला किए जाने के बाद एक बार फिर अशोक की हत्या का मामला चर्चा में आ गया है आखिर भाई की हत्या का आरोपी मोनू की गिरफ्तारी में पुलिस क्यों लापरवाही कर रही है यह बड़ी चर्चा का विषय है।

### दो बाइकों की टक्कर में चार लहूलुहान

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ी मोड़ सहजादपुर पुलिस चौकी अंतर्गत झंडापुर गांव के पास शुक्रवार की सुबह 6:00 बजे दो बाइक सवारों की जोरदार टक्कर हो गई है इस हादसे में बाइक सवार चार लोग लहूलुहान हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक इस्लाम उल्लाह पुत्र अब्दुल रजाक उम्र लगभग 55 वर्ष मोहम्मद नसीम उम्र लगभग 75 निवासी झंडापुर बाइक से कहीं जा रहे थे इसी बीच सामने से आ रहे दूसरी बाइक में विकास कुमार पुत्र माधव प्रसाद उम्र लगभग 20 वर्ष पहाड़पुर थाना सैनी मुरली पुत्र रामलखन पासी उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी दिलावलपुर थाना सैनी की बाइक झंडापुर के पास आपस में टकरा गई है हादसे में दोनों बाइक सवार चारों लोग सड़क पर गिर कर लहूलुहान हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है।

### 26 जुलाई को हासिमपुर किनार में होगी किसान पंचायत

**कौशांबी।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के जिला अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने सराय अकिल थाना पुलिस को पत्र देकर सूचित किया है कि नेवादा विकासखंड के हासिमपुर किनार गांव में 26 जुलाई को किसान पंचायत का आयोजन किया गया है किसान पंचायत में किसानों की तमाम समस्याओं पर गंभीर विचार-विमर्श होगा।

### मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के बेरौचा गांव के मजरा सोनवारा निवासी निगम त्रिपाठी ने गांव की प्रसिद्ध हनुमान मंदिर निर्माण कार्य हेतु गांव के ही लोगो को ले जा कर मंदिर की साफ सफाई शुरू करवा दिया है शुक्रवार को हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना भी पूरे गांव वाले भक्तों ने एकत्रित हो कर किया है पूजा पाठ और मंदिर का जीर्णोद्धार करवाए जाने से गांव वाले इनसे बहुत प्रभावित रहते है अब इनका कहना है कि बजरंगबली की कृपा रही तो बहुत जल्द ही मंदिर का निर्माण गांव के लोगो के सहयोग से होगा जिससे इस स्थल में गांव के लोगो में भगवान के प्रति भाव जागृत रहे।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सुरेश कुमार पाठक पुत्र शंकरलाल पाठक निवासी ग्राम पनारा गोपालपुर थाना सराय अकिल को मुखबिर की सूचना पर सरैया पुलिया से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त विनोद पासी पुत्र मोहनलाल निवासी बिठौरा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त गम्बर सिंह पुत्र रामभवन निवासी ककोढा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 10 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना महेवाघाट से एक थाना पिपरी से पांच थाना मोहब्बतपुर पइसा से एक थाना सैनी से दो थाना सराय अकिल से एक कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### वांछित अभियुक्त चोरी की बैटरा के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त अरविन्द कुमार उर्फ पिन्टू पुत्र गंगा प्रसाद निवासी म्योहरा गढ़ी थाना कड़ाधाम को मुखबिर की सूचना पर दारानगर तिराहा से चोरी किये गये एक अदद बैटरा के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# सीबीएसई बोर्ड : परीक्षा परिणाम में कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी ने लहराया परचम

**सीबीएसई क्लास 10 एवं क्लास 12 परीक्षा परिणाम में प्राप्त किया जिले में प्रथम स्थान**

**जिले में केपीएस कॉलेज भरवारी के क्लास 10 टॉपर बने शिवांशु जेसवारा और क्लास 12 टॉपर बने सरसिज मिश्रा**



छात्राओं को मिठाई खिलाती प्रिंसिपल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में आज जश्न का माहौल मनाया गया आज सीबीएससी बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के पश्चात कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज के मैनेजमेंट टीचर्स एवं छात्र-छात्राओं के अंदर उमंग और उत्साह दोनों देखने को मिल रहा था क्योंकि आज परीक्षा परिणाम में जिले के टॉपर चाहे क्लास 10 अथवा क्लास ट्वेल्थ दोनों में कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एवं कॉलेज के छात्र छात्राओं ने ही परचम लहराया क्लास 10 में शिवांशु जैसवार 97.6% प्राप्त करके एवं क्लास ट्वेल्थ में सरसिज मिश्रा ने 96.2% प्राप्त करके जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्कूल के साथ ही साथ अपने परिवार का नाम भी रोशन किया है क्लास ट्वेल्थ की टॉपर लिस्ट में सरसिज मिश्रा 96.2 %, श्रेयांश रस्तोगी 95.2% ,अंशिका सिंह 94.2%, चाहत केसरवानी 93.8% (हॉस्टल )अभिषेक कुमार साहू 90.8% ,आरोही वर्मा 90.6% शैली पांडे 90.2%, संजना पटेल 90.2%, पवन कुमार अग्रहरी 90% ,आर्य प्रताप सिंह 89.6% वही क्लास 10ई के शिवांशु 97.6 %, प्रियांशु तिवारी 96.4%, ऋषभ पवार (हॉस्टल ) 96.2%, भावना भारती 95.2%, प्राप्ति ठाकुर 95% ,प्रांजल द्विवेदी 94.2%,, अस्मिता केसरवानी 93.8%, स्मृति शुक्ला 93.6%, वीरा केसरवानी 93% ,वंश गुप्ता 92.6%, सृष्टि केसरवानी 92 % शमशअहमद 91.4%, अजीत सिंह 90.4 (हॉस्टल) ने अंक प्राप्त किया संस्थान के प्रबंधक पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों की सफलता की भूरि भूरि प्रशंसा किया और कहा कि कठिन परिश्रम और समर्पण की भावना से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है उन्होंने अपने समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को भी विद्यार्थियों की सफलता के लिए धन्यवाद प्रेषित किया इस अवसर पर रिद्धि सिद्धि रिद्धि सिद्धि संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने सभी टॉपर बच्चों को मिठाई खिलाकर के उनके इस अपार सफलता के लिए उनको बधाई दिया एवं बच्चों के अभिभावक को भी मिठाई खिला कर के खुशी का इजहार किया संस्थान के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के अंदर भी खुशी एवं उत्साह देखने को मिल रहा था सभी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर के एक दूसरे को बधाई देने का भी कार्य कर रहे थे हर तरफ जश्न का माहौल आज दिखाई दे रहा था इस मौके पर संस्थान की डॉ श्रीमती सीमा पवार ने भी अपने संदेश में कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है हर व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार है वरसों की सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय बच्चों की कठिन परिश्रम के साथ ही साथ शिक्षकों के अथक प्रयास को को भी जाता है इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य विजय चौहान डॉक्टर मयंक मिश्रा रत्नाकर शर्मा दीपक खरवार विजय यादव नारायण त्रिपाठी यासिर सुनील सचिन मधुबन आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रेसीडंसी स्कूल एण्ड कालेज के टॉपर




### सेंट फ्रांसिस स्कूल के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम




**भरवारी कौशांबी।** सीबीएसई बोर्ड के परिणाम में सेंट फ्रांसिस स्कूल बेरूवा के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया है विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा टॉपर छात्र छात्राओं की सूची जारी की गई है विद्यालय द्वारा जारी सूची के मुताबिक क्लास 12 के टॉपर छात्रों में श्रेया गिरी ने 94.8% दिव्या जायसवाल ने 93.6% सौम्या शुक्ला ने 92.2% संस्कृति त्रिपाठी ने 88.6% सुष्मिता सिंह ने 87% अंक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इसी तरह सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा के परिणाम में सेंट फ्रांसिस स्कूल के कक्षा 10 के छात्र छात्राओं ने बाजी मारी है हर्षवर्धन ने 97.2% मानवी केसरवानी ने 96.4% शुभम यादव ने 95.8% सौरभ यादव ने 95.2% अंतरा कुशवाहा ने 94.4% अंक हासिल कर टॉपर सूची में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया है विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने सभी छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी है परीक्षा परिणाम आने के बाद शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया है।

### भवन्स मेहता विद्याश्रम के छात्रों ने मारी बाजी



**भरवारी कौशांबी।** सीबीएससी परीक्षा के परिणाम में भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी के क्लास 12 साइंस ग्रुप में छात्रों ने बाजी मारी है जय केसरवानी ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल किया है अर्पित शर्मा ने 85% नितिन तिवारी ने 82.6% और अक्ष्य नारायण पाठक ने 82.6% अंक हासिल किया है इसी तरह भवन्स मेहता विद्याश्रम के कॉमर्स ग्रुप में वंश केसरवानी ने 90.8% शिखा पांडे ने 90.2% आशुतोषकेसरवानी ने 87% अंक हासिल किया है कॉलेज के छात्रों द्वारा सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किए जाने पर विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले उन सभी छात्रों को मिठाईयां खिलाकर उनका उत्साह वर्धन विद्यालय के शिक्षकों ने किया गया।

## संपादकीय

# महिलाओं का कौशल और रोजगार

**राष्ट्रीय** कौशल विकास मिशन इस बात पर जोर देता है कि महिलाएं जनसांख्यिकीय लाभांश का आधा हिस्सा हैं और महिला कौशल देश की श्रम शक्ति में उनकी भागीदारी बढ़ाने की कुंजी हो सकती है। आंकड़ों से पता चलता है कि पुरुषों के लिए 56.8% की तुलना में महिला श्रम बल की भागीदारी 16.9% है; इसलिए स्किलिंग को एक समाधान के रूप में आगे बढ़ाया गया है। महिलाओं को रोजगार योग्य कौशल से लैस करना पुरुषों को कुशल बनाने की तुलना में कहीं अधिक बड़ी चुनौती है। भारत में अधिकांश महिलाओं को न तो सामाजिक सुरक्षा और न ही नौकरी की सुरक्षा। आमतौर पर महिलाओं को कम-कौशल और कम वेतन वाले काम में लगाया जाता है। भारत में, पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिकों का उच्च प्रतिशत अनौपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा है जिसमे से 94 प्रतिशत महिला श्रमिक अनौपचारिक क्षेत्रों में हैं। अधिक अनौपचारिकता नए कौशल हासिल करने कि कमी की ओर ले जाती है, नए रोजगार सृजित नहीं होते, जिससे कार्यबल को नुकसान झलना पड़ता है। महिला कार्यबल के मामले में, व्यापक अनौपचारिकता को अन्य चुनौतियों में जोड़ा जाता है जो उन्हें काम में भाग लेने से रोकती हैं - जैसे परिवार और देखभाल करने का बोझ, प्रतिबंधात्मक सामाजिक मानदंड और गतिशीलता पर सीमाएं। हम देखते है कि कौशल प्रशिक्षण में भी अपरिहार्य लिंग अंतर दिखाई देता है। इन सब के बावजूद महिला कौशल के लिए सरकार की पहल का परिणाम है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में 30 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। महिलाओं के लिए विशिष्ट राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान दो योजनाओं के तहत प्रशिक्षण प्रदान करते हैं; शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) और शिल्प प्रशिक्षक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस)। इनके साथ-साथ प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) अल्पकालिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करती है और पीएमकेवीवाई के तहत करीब 50 प्रतिशत उम्मीदवार महिलाएं हैं। प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना अपने तीसरे चरण में है और इस दौरान करोड़ों महिलाओं को प्रशिक्षित किया है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई), ग्रामीण युवाओं के लिए प्लेसमेंट से जुड़ा कौशल विकास कार्यक्रम, महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करता है। आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) योजना का लक्ष्य अल्पकालिक व्यावसायिक प्रशिक्षण में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना है। यह पीएमकेवीवाई जैसी कौशल प्रशिक्षण योजनाओं के लिए एक सहायक कार्यक्रम है। भारत में, 4 में से 3 महिलाएं काम नहीं करती हैं, हालांकि साक्षरता दर में लगातार वृद्धि हुई है। क्या कौशल, जीवन और सीखने का समर्थन और नौकरियों की गारंटी इसे बदल सकती है? राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) कौशल और नियुक्ति के लिए शिक्षुता मॉडल का अनुसरण करती है। 2020 में क्वांटम हब द्वारा मूल्यांकन में कहा गया है कि एनएपीएस महिला प्रशिक्षुओं के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं करता है, जैसे कार्यस्थल पर सुरक्षा, या उन्हें लिंग-अनुकूल बुनियादी ढांचा प्रदान करना। जन शिक्षण संस्थान खासकर गैर-साक्षर और स्कूल छोड़ने वालों, विशेषकर महिलाओं को कौशल प्रदान करने पर केंद्रित है। भारत में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम पारंपरिक लिंग भूमिकाओं और महिलाओं के काम की धारणाओं पर आधारित हैं, जो ज्यादातर घर से संबंधित कार्यों और देखभाल करने तक ही सीमित हैं। उदाहरण के लिए, पीएमकेवीवाई के तहत महिलाओं के लिए पाठ्यक्रम परिधान, सौंदर्य, स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित हैं - यह महिलाओं को अधिक लाभकारी क्षेत्रों से दूर रखता है। महिलाओं के लिए राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान केवल 21 पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं, जबकि सामान्य आईटीआई, जहां पुरुष प्रधान हैं, 153 पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। कौशल प्रशिक्षण में विविधता की यह कमी नौकरी बाजार के लिंग अलगाव को दर्शाती है। मगर देश के कई एनजीओ महिलाओं को नौकरियों में प्रशिक्षित करते हैं जो रूढ़िवादिता को तोड़ने में मदद करते हैं, इस प्रकार उन्हें पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान आजीविका तक पहुंच प्रदान करते हैं, जिससे वे पारंपरिक रूप से उन्हें सौंपी गई नौकरियों (जैसे घरेलू सेवा और देखभाल) की तुलना में अधिक कमाने में सक्षम होते हैं। उदाहरण के लिए आजाद फाउंडेशन की वीमेन ऑन व्हील्स, जहां महिलाओं को पेशेवर ड्राइविंग में प्रशिक्षित किया जाता है और गुजरात में निर्माण श्रमिकों के लिए स्व-नियोजित महिला संघ (सेवा) कर्मिका स्कूल। कौशल के लिए रणनीति में स्थानीय स्वयं सहायता समूह का उपयोग करना शामिल है ताकि सहायक परिवारों के साथ महिला श्रमिकों की पहचान की जा सके और इन महिलाओं को प्रासंगिक जानकारी प्रदान की जा सके ताकि उन्हें कौशल लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। स्किलिंग को डिजिटल युग के परिवर्तनों से निपटने की जरूरत है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए समावेशी डिजिटल कौशल के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी आगे का रास्ता हो सकती है। जैसे माइक्रोसॉफ्ट और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी में, डिजिटल कौशल में 100,000 से अधिक अयोग्य महिलाओं को प्रशिक्षित करते हैं। एसएपी इंडिया और माइक्रोसॉफ्ट ने प्रौद्योगिकी से संबंधित करियर के लिए प्रशिक्षित करने के लिए, अयोग्य समुदायों की 62,000 महिला छात्रों के लिए एक संयुक्त कौशल कार्यक्रम 'टेक सक्षम' शुरू किया है। आज देश को कौशल कार्यक्रमों में जीवन कौशल, जैसे संचार क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता और आत्मविश्वास को एकीकृत करने की भी आवश्यकता है। इसके अलावा, सामाजिक-आर्थिक समर्थन, प्रासंगिक कौशल, गारंटीकृत नौकरियों और कम बाधाओं के लिए महिला-केंद्रित समूह और महिलाओं के लिए अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवेश करने और भारत की प्रगति में योगदान करने के लिए एक सुलभ प्रवेश द्वार तैयार करना चाहिए।

# चार पैसे बचा के रखो, बुढ़ापे में काम आएंगे

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर भारतीय संस्कृति और सभ्यता प्रतिष्ठा के लिए प्रसिद्ध है जिसे खास देखने, अनुभव करने, दुनियाभर के सैलानी भारत की पावन धरती पर अपनी जिज्ञासा की अनुभूति करने आते हैं। यूं तो भारतीय संस्कृति और सभ्यता के ऐसे हजारों व्यवहार, रिश्ते, मान सम्मान, आतिथ्य, बड़े बुजुर्गों की कहावतें, अपनापन, उनका मान सम्मान, भगत प्रह्लाद, भगवान राम सहित अनेकों प्रतीक हैं परंतु वर्तमान पाश्चात्य संस्कृति के पैर पसारने को लेकर ही हमारे बड़े बुजुर्गों चिंतित हैं। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से उनकी कहावतों और चिंताओं पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम बुढ़ापे के सहारे की करें तो बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि चार पैसे बचा के रखो बुढ़ापे में काम आएंगे, एक सटीक मिसाल वर्तमान प्रैक्टिकल लाइफ में हमें देखने को भी मिल रही है!! हालांकि बुढ़ापे के सहारे में अपना परिवार, बेटा, औलाद भी सशक्त माध्यम है,सहारा है परंतु वर्तमान परिपेक्ष में जिस तरह हम देख रहे हैं कि अपने बड़े बुजुर्गों, माता-पिता के साथ ऐसा नकारात्मक व्यवहार किया जा रहा है कि परिवार टूट रहे हैं, औलाद अपने जीवन साथी के साथ देश विदेश में जॉब करने निकल पड़े हैं!!बुजुर्गों की वृद्धाश्रम में बढ़ती संख्या और पारिवारिक झगड़ों झमेलों को देखकर बुजुर्गों की उपरोक्त कहावतों का संज्ञान लेना जीवन का आवश्यक अंग बन गया है। साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में कुछ अपवादों को छोड़कर बुजुर्गों की करें तो, वृद्धावस्था में जब उन्हें सबसे ज्यादा औलाद के सहारे की जरूरत होती है, तब उन्हें वृद्धाआश्रमों में या कहीं भी यूं ही बेसहारा छोड़ दिया जता है। उम्र के साथ-साथ शंकित और सामर्थ्य में कमी आने लगती है, इसे पहले की तरह स्वीकार करने की बजए परिवार का हर सदस्य उनके व्यवहार और आचरण के प्रति शिकायती रुख अपना लेता है। उन्हें अनुपयोगी समझ उनसे किसी भी तरह छुटकारा पाना चाहता है। साथियों इन पारिवारिक झगड़ों पर अदालती फैसलों के सामने आने से समस्या की गंभीरता का पता चलता है। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में जिस तेजी से बूढ़ों की संख्या बढ़ रही है, उससे स्थिति आगे और गंभीर हो सकती है। परिवार में उपेक्षित बुजुर्गों को रोज-रोज के अपमान से बचाने और उनके स्वास्थ्य व सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए देश में



इसके समाधान को तीव्र गति से रेखांकित करनें की जरूरत है। साथियों बात अगर हम इन्हीं औलादों को माता-पिता द्वारा बचपन से युवा बनाने की करें तो, माता पिता के कितने भी बच्चे हों, वे आज भी कई कष्ट उठाकर और अपना पेट काट कर भी सबको प्यार से पालते हैं। कोई बच्च कितना भी नालायक क्यों न हो, वे उसे अपने से अलग करने की बात सोच भी नहीं सकते, लेकिन दुख की बात है कि बड़े होने पर यही बच्चे मिलकरभी अपने माता-पिता का उत्तरदायित्व नहीं निभा सकते। ऐसी औलाद माता-पिता की संपत्ति पर तो अपना अधिकार जताती है, लेकिन उनके प्रति अपना फर्ज भूल जती है।

साथियों बात अगर हम यौन अवस्था से ही रोडमैप बनाकर बुढ़ापे की तैयारी की करें तो, यौवनारंभ से बुढ़ापे की सोचकर नियमित आय का श्रोत बनाना बुढ़ापे का सबसे बड़ा सहारा है। हम साठ पैसठ साल तकनिष्क्रिय रह कर कैसे आशा कर सकते हैं कि इस आयु में कुछ कर पाएंगे, इस लिए यौवनारंभ से ही इस आयु का सामना करने की तैयारी आवश्यक है। हम पर सहारे की गारंटी नियमित आय श्रोत है। बुढ़ापा हमारे जीवन की वह अवस्था है जो हर इंसान के जीवन में आना ही है। हमसे पहले की पूरी पीढ़ी तो बुढ़ापे के लिए खुद को तैयार करने के बारे में सोच भी नहीं सकती थी क्योंकि उनके व्यवहार और परिवार दोनों के सहारे जीवन यात्रा कैसे पूरी हो जाती थी ,उन्हें पता ही नहीं चलता था । साथियों अब वह समय नहीं रह गया है और ना ही वैसे लोग रह गए हैं जिनके पास किसी दूसरे के लिए फुर्सत हो इसलिए व्यक्ति को सोचना पड़ जाता है। थोड़ा सा ध्यान दें तो बुढ़ापा सुखद हो सकता है। पैसे के मामले में हमेशा दिमाग से काम ले और समस्त धन कों बच्चों पर ना लुटा कर थोड़ा सा बुढ़ापे के लिए अवश्य संचित करके रखें। बुढ़ापे में धन का होना बहुत आवश्यक होता है।कभी किसी अन्य वजह से अपनी तुलना न करें। थोड़ा सा ध्यान रखकर हमारा बुढ़ापा संतोषजनक हो सकता है। सबसे संबंध अच्छे रखें जिससेकि बुढ़ापे में यदि बच्चे दूर रहते हो तो आपका सामाजिक दायरा हमारे काम आए और हमको अकेलापन व घबराहट न महसूस हो। साथीयों जवानी में हर व्यक्ति को संतुलित जीवन जीना होगा जिससे कि बुढ़ापा आने तक उसका शरीर रोगों का घर ना हो जाए। अच्छी आदतें और उचित खानपान शरीर को अधिक समय तक स्वस्थ रखता है।व्यक्ति को अपने कार्य स्वयं करने की आदत होनी चाहिए ।यह आदत बुढ़ापे तक व्यक्तिको सक्रिय रहती है और थकान नहीं आने देती।अपने शौक को बुढ़ापा आ गया है समझ कर, कभी समाप्त न करें। आपके शौक आपको विटामिन की भांति ऊर्जा देंगे और आपके समय का सदुपयोग होगा, यह हमेशा याद रखें। बच्चों से संबंध अच्छे रखना चाहिए। हर वक्त उन पर अपनी इच्छाओं को थोपना उचित नहीं होता। यदि हमारी अनावश्यक इच्छा है उन पर नहीं थोपेंगे तो वे हमारा और अधिक ध्यान रखेंगे।बच्चों की यथासंभव मदद अवश्य करे। बहू के साथ हमेशा अच्छा व्यवहार करें। साथियों अब वह समय नहीं रह गया है और ना ही वैसे लोग रह गए हैं जिनके पास किसी दूसरे के लिए फुर्सत हो इसलिए व्यक्ति को सोचना पड़ जाता है। थोड़ा सा ध्यान दें तो बुढ़ापा सुखद हो सकता है। बुढ़ापा हमारे जीवन की वह अवस्था है जो हर इंसान के जीवन में आना ही है। हमसे पहले की पूरी पीढ़ी तो बुढ़ापे के लिए खुद को तैयार करने के बारे में सोच भी नहीं सकती थी।क्योंकि उनके व्यवहार और परिवार दोनों के सहारे जीवन यात्रा कैसे पूरी हो जाती थी ,उन्हें पता ही नहीं चलता था ।

साथियों बात अगर हम, सरकार की पहल की करें तो, बैंकों ने रिवर्स मॉरगेज का प्रावधान शुरू किया है, जिसके तहत जिनके पास अपना मकान है, वे उसे बैंक को गिरवी रखकर बदले में पैसा ले सकते हैं और उस मकान में रहते हुए उस पैसे से अपना जीवन-यापन कर सकते हैं। उनकी मृत्यु के बाद अगर उनके बच्चों को वह मकान चाहिए तो बैंक का कर्ज और ब्याज चुकाकर वापस ले सकते हैं। बुढ़ापे में सुख-शांति से रहने के लिए ऐसे ही और उपायों पर भी गौर करना जरूरी है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बुढ़ापे का सहारा जरूरी है।

> बुढ़ापे में धन का होना बहुत आवश्यक होता है।कभी किसी अन्य वजह से अपनी तुलना न करें। थोड़ा सा ध्यान रखकर हमारा बुढ़ापा संतोषजनक हो सकता है। सबसे संबंध अच्छे रखें जिससेकि बुढ़ापे में यदि बच्चे दूर रहते हो तो आपका सामाजिक दायरा हमारे काम आए और हमको अकेलापन व घबराहट न महसूस हो। साथीयों जवानी में हर व्यक्ति को संतुलित जीवन जीना होगा जिससे कि बुढ़ापा आने तक उसका शरीर रोगों का घर ना हो जाए। अच्छी आदतें और उचित खानपान शरीर को अधिक समय तक स्वस्थ रखता है

# कांग्रेस की समस्या लाइलाज- ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता गया

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

देश को स्वतंत्र कराने के लिए पूरे भारत में गजब का उत्साह था। 1857 की क्रांति ने तो अंग्रेजी सरकार के पैरों की जमीन ही खींच ली थी। तब तत्कालीन इटावा के कलेक्टर अंग्रेज अधिकारी ए ओ ह्यूम अर्थात एलेन ओक्टेवियन ह्यूम ने 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की ताकि भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रयासरत्त जनशक्ति को एक मंच प्रस्तुत किया जाये और अंग्रेजी हुकूमत को भारतीयों की हर तैयारी से पहले संभलने का अवसर मिल जाये। अंग्रेज बहुत चालाक थे जो कि ब्रिटिश अधिकारी ह्यूम द्वारा स्थापित कांग्रेस के माध्यम से क्रांतिकारियों की हर गतिविधि पर नजर रखने का सफल प्रयास कर रहे थे। कालांतर में देश स्वतंत्र हुआ। अनेक नेता समय-समय पर कांग्रेस के अध्यक्ष बनते रहे। कांग्रेस का आचार-विचार, व्यवहार बदलता रहा। जो कांग्रेस स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए एक साधन थी, धीरे-धीरे गांधी परिवार के वर्चस्व के कारण अपना वह प्रभाव खोती गई और आज देशभर में क्षेत्रीय पार्टियों से भी पिछड़ कर एक-दो राज्यों तक सिमट कर रह गई। इस स्थिति के लिए कोई एक व्यक्ति अथवा परिवार उत्तरदायी नहीं है अपितु हर वो सदस्य उत्तरदायी है जो अपने स्वार्थ और महत्वकांक्षा के कारण पार्टी के गलत-ठीक सभी निर्णय को मौन होकर स्वीकार करता गया। गरीबी हटाओ का नारा देने वाली कांग्रेस ना गरीबों की हो सकी और मुस्लिम तुष्टीकरण की पराकाष्ठा करने पर भी ना मुस्लिमों की हो सकी। ये दोनों क्षेत्रीय पार्टियों की गोद में खिसक लिये तथा जो भारत का बहुमत वाला मध्यम श्रेणी का वोटर था वह कांग्रेस की प्रतिदिन की गलत बयानबाजियों के कारण एवं राष्ट्र से जुड़ा होने के कारण धीरे-धीरे भाजपा के पक्ष में होता गया। टीवी चैनलों पर आये दिन कांग्रेस के प्रखर प्रवक्ता जिस तरीके की बयानबाजी करते हैं उसे सुनकर अनुमान लगाना मुश्किल है कि ये मन से बोल रहे हैं या विवशता से। क्योंकि कई बार तो लगता है जैसे वे भारत से बाहर निष्ठा रखते हैं। भारतीय जन-मानस की नब्ज पहचानने में एक दम अनाड़ी लगते हैं जबकि कल के आये केजरीवाल ने नब्ज पहचानने के इस खेल में इनसे बाजी मार ली है। इंदिरा गांधी की मृत्यु की सहानुभूति में स्व. राजीव गांधी तो जैसे-कैसे अपना कार्यकाल पूरा कर गये। फिर राजीव गांधी की बम धमाके से मृत्यु की सहानुभूति में एक बार फिर कांग्रेस नरसिम्हा राव के नेतृत्व में ठीक-ठाक समय निकाल गई, उन्होंने कुछ अच्छे कदम उठाने के प्रयास भी किये किंतु उसके बाद तो कांग्रेस की अधोगति दिन दुगनी रात चौगुनी की तरह रसातल की ओर जाती रही। कभी आदिवासियों को खुश करने की योजना बनी तो कभी अनुसूचित वर्ग के लिए। कभी मुस्लिमों को खुश करने के लिए बेवजह टोपियां पहनी गई तो कभी हिंदुओं को खुश करने के लिए जनेऊ धारण किये गये। गरीबों का मसीहा दिखाने के लिए झोपड़ी में बैठकर खाना खाया गया तो कभी मंदिर-मंदिर, द्वारे-द्वारे गये। यद्यपि वोटरों को खुश करने के लिए या फिर सटीक शब्द कहे तो भ्रमित करने के लिए बहुत प्रयत्न किये गये, भागदौड़ मेहनत भी बहुत की गई किंतु ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता गया। भारत का वोटर पहले से कुछ समझदार हो गया जिस कारण यह सब उसे सत्य से कोसों दूर नाट्य की दुनिया में ले जा रहा था, जहां रंगमंच की भांति नाटक के साथ-साथ विनोद होता रहा, नाटक समाप्त तो हास्य विनोद भी समाप्त। नीयत साफ नहीं है तो हर बात नाटक लगती है। यदि आप चुनावी वातावरण के बिना जनहित की बात नहीं करते तो जनता चुनावों के दौरान भी आपकी बात दिल से नहीं सुनेगी। वोटर अपने आकलन में सब को तराशता रहा जिस कारण वास्तविकता से दूर होती कांग्रेस उसके सांचे में फिट नहीं बैठी और वह अपना सांचा लेकर अन्य की ओर जाता रहा। किसी भी पार्टी के प्रवक्ता अपनी पार्टी का दर्पण होते हैं। वे पार्टी की नीतियों, उसकी विचारधारा एवं कार्यशैली का प्रस्तुतिकरण किस ढंग से करते हैं यह बहुत महत्वपूर्ण है। यद्यपि कुछ प्रवक्ताओं का मानना है कि लगातार बोलते रहो, दूसरों को बोलने न दो, बिना तथ्यों के दुसरों के लिए अवरोध उत्पन्न करने हेतु एक वाक्य को पन्द्रह बार बोलते रहो तो उसकी धाक जमेगी, ऐसा नहीं है। वैसे तो डिबेट के गिरते स्तर के कारण दर्शक इसे बहुत कम सुनते हैं किंतु जो दर्शक सुनते भी हैं वे बारीकी से सब नोट करते हैं, आकलन करते हैं, उसके व्यक्तव में कितनी चापलूसी झलक रही है तथा पिछली डिबेट में फलां प्रवक्ता ने क्या बोला था और अब क्या बोल रहा है यह भी उन्हें ध्यान हैं। अतः कुछ प्रवक्ता भी इस अधोगति के उत्तरदायी हैं।

इस अधोगति का सबसे बड़ा कारण है विश्वभर में एकमात्र हिंदुओं के देश भारत में भी हर समय हिंदुओं को ही लक्षित कर बयानबाजी करना, उनके विरुद्ध योजनाएं बनाना, उनको अपमानित करने वाली कार्यशैली अपनाना। कांग्रेस राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने कहा था कि भाजपा और आरएसएस अपने कैंपों में हिंदू आतंकवादी तैयार कर रहे हैं। इससे हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। जबकि आरएसएस एक राष्ट्रवादी संगठन है। जो हमेशा ही देश के हित में काम करता है। भाजपा व आरएसएस के खिलाफ कोई भी इस तरह का सबूत नहीं मिला था। बाद में यह स्पष्ट हो गया था कि पंजाब में हुए हमले की आतंकी घटनाओं की जांच को प्रभावित करने के लिए 'हिंदू आतंकवाद' शब्द का इस्तेमाल किया था। इससे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई प्रभावित हुई थी। सरकारी एजेंसियों की कार्यवाही पर चिल्लाने वाली पार्टी क्या यह भूल गई कि किस तरह एनआईए का दुरुपयोग करते हुए हिंदू आंतकवादी के नाम पर समझौता एक्सप्रेस ब्लास्ट में स्वामी असीमानंद, सुनील जोशी तथा मालेगांव ब्लास्ट में कर्नल पुरोहित, साध्वी प्रज्ञा आदि को हिंदू आंतकवादी घोषित कर घोर अत्याचार किये गये थे। सेना का मनोबल तोड़ने के लिए गुरदासपुर आतंकी हमले पर भी विवादित बयानबाजी की गई। कांग्रेस सांसद बेगम नूरबानो ने पुलवामा हमले को लेकर विवादित बयान दिया था कि पुलवामा हमला सुरक्षाबलों की लापरवाही की वजह से हुआ। 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक पर वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सेना पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा था कि पाकिस्तान के बालाकोट स्थित आतंकी शिविर पर की गई वायु सेना की करवाई पर वहां 300-350 लोगों के मारे जाने की यह संख्या किसने बताई है। कांग्रेस नेता संजय निरुपम और कुछ नेताओं ने सर्जिकल स्ट्राइक के सुबूत मांग डाले थे।

# खेल बनें विकास के अंग

**सुनील कुमार**

**आधुनिक** युग विकास एवं तकनीक का युग है। विकास और तकनीक के इस युग ने मानव को एक ओर जहाँ ढ़ेर सारी सुविधाएं दी हैं, वहीं इस युग ने मानव को तनाव भी दिया है। भागमभाग भरी इस जिंदगी में हर कहीं तनाव ही तनाव है, कहीं भी सुकून और शांति नहीं है। प्रसन्नता का नितांत अभाव है। खेल हमें प्रसन्नता भी देते हैं और हमारा तनाव भी कम करते हैं। ये खेल ही होते हैं जिनसे व्यक्ति में विभिन्न मानवीय मूल्यों, धैर्य, अनुशासन, प्रतिस्पर्धा की भावना, मित्रता, सहयोग की भावना एवं नेतृत्व के गुणों का विकास होता है। खेलों के माध्यम से हम अपनी नैसर्गिक प्रवृत्तियों,अपने संवेगों का सही प्रबंधन एवं नियंत्रण कर सकते हैं। बच्चों के लिए तो खेल एक प्राण तत्व के रूप में काम करता है और कोई भी बच्चा बिना खेले नहीं रह सकता है। ये खेल ही होते हैं जिनसे कोई भी आनंद, स्फूर्ति प्राप्त कर सकते हैं। खेल व्यक्ति को सृजनशील बनाते हैं। खेलों से व्यक्ति में साहस,समन्वय की भावना, सह-अस्तित्व की भावना आदि का विकास होता है। खेल हमारे सोचने के स्तर, व्यवहार और स्वभाव में आमूल चूल परिवर्तन लाते हैं। खेलों से हम जीवन में समायोजित होना सीखते हैं।

लेकिन यह विडंबना ही है कि आज हमारे देश से परंपरागत खेलों का प्रचलन धीरे धीरे कम होता चला जा रहा है।भारत के प्रमुख खेल कबड्डी क्रिकेट बैडमिंटन जूडो खो-खो, शतरंज,तिरेल,बाघ-बकरी,बिस्कुट, लँगड़ी,आइस -पाइस ,गेंदा, घिप्प, डक्कल, गेंद- तरी,चिर्री -पाती ,जंजीर, चाकलेट, हाथी-छू ,भस्मासुर,आदि हैं। भारत के प्राचीनतम ग्रंथ रामायण और महाभारत में चौपड़, द्यूतक्रीड़ा, रथदौड़, निशानेबाजी प्रतियोगिता भारत के प्रसिद्ध खेल खो खो कबड्डी आज का क्रिकेट भी है आदि का उल्लेख मिलता है। गिल्ली डंडा,पोषम पा, कंचे,घोड़ा पछाड़, पिट्ठू, लगड़ी टंग, पांच गुट्टे का खेल, लूडो,ताश, तीरंदाजी भी खेल ही हैं। खो खो भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित एक परंपरागत खेल है। छुपम छुपाई,आंख मिचौली, चोर सिपाही, रस्सा कसी,रस्सा कूदना, लट्टू, पीठो या सेवन स्टोन्स, म्यूजिकल चेयर भी खेल ही है लेकिन हम इन्हें भुलाते चले जा रहे हैं। यह विडंबना ही है कि आज हमारे गांवों में खेले जाने वाले खेल कबड्डी, कटिया, लपची-डंडा, अटाई-डंडा, गुल्ली डंडा, चोर-सिपाही, लुका छिपी, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्सी-कूद, बांस-कूद, रस्साकसी, कुश्ती, खो-खो, जलेबी दौड़, कुर्सी-दौड़, लगंड़ी दौड़ आदि, जिनमें किसी भी प्रकार का कोई व्यय या खर्च नहीं था, तथा जो सर्वसुलभ खेलों की श्रेणी में आते थे, वे सब के सब आधुनिक चकाचौंध और टेलीविजन के व्यापक प्रचार प्रसार के बीच कहीं खो से गए हैं। बच्चों के पसंदीदा खेल चोर-सिपाही, लुका छिपी, ऊंचा नीचा, खो-खो आदि भी सिमटते जा रहे हैं। बच्चे अब खेलों की अपेक्षा टीवी देखना, मोबाइल पर गेम खेलना अब ज्यादा पसंद करने लगे हैं। खिलाड़ियों का चारित्रिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास करने वाले अन्य ग्रामीण खेल दौड़, कुश्ती, कटिया, तैराकी, रस्सा खींच, ऊंची कूद, बांस कूद, निशानेबाजी, रस्सी कूद, अटाई डंडा आदि न जाने कितने अच्छे, बेहतरीन खेल जो बच्चों का शारिरिक व गजब का मानसिक विकास करते थे,वे सब समय के साथ सिमटते जा रहे हैं। वास्तव में पारंपरिक खेलों में गिरावट के आज अनेक कारण हैं, जिनमें आज की भौतिकवादी भागमभाग भरी, दौड़ धूप की जिंदगी में समय की कमी, क्रिकेट, हाकी, बैडमिंटन आदि आधुनिक खेलों की तेजी के साथ बढ़ती लोकप्रियता, इंडोर, वीडियों गेम में बढ़ती अभिरुचि, दूरदर्शन, मल्टीप्लेक्स संस्कृति, मोबाइल संस्कृति आदि का व्यापक प्रभाव आदि कारण विशेष है। हमें अपनी युवा पीढ़ी को परंपरागत खेलों के बारे में अधिकाधिक जानकारी देनी होगी, बच्चों को खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित करना होगा, खेलों के बजट की ओर भी ध्यान देना होगा, शिक्षा के साथ यदि सह शैक्षणिक गतिविधियों में खेलों को व्यापक स्तर पर स्थान दिया जाए, तो हम खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं।

# मंहगाई की मार

**आशुतोष**

**भारतीय** मुद्रा अर्थात रूपया का डालर के मुकाबले गिरना गहरी चिंता का सबब है।जो लगातार जारी है हद तो तब हो गई जब यह एक डालर के मुकाबले 80,5 रुपए आंकी गयी। जाहिर है इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला है। हालांकि अन्य विदेशी मुद्रा के मुकाबले में डॉलर को छोड़कर रुपए की स्थिति वेहतर है।इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था अभी भी मजबूत बना हुई है। रुपए की गिरावट से आयात और निर्यात महंगा होना स्वाभाविक है।जिसके कारण विदेशी मुद्रा भंडार भी प्रभावित होगी और गिरावट आयेगी। भारत जैसे देश उर्जा की जरूरत को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर रहा है।और संभव है कि आने वाले दिनो में डीजल पेट्रोल के कीमत में उछाल देखने को मिल सकता है। रोज मर्रा के चीजो, खाद्य पदार्थो, दूध,दही, लस्सी और तमाम चीजो पर जीएसटी लगा कर पहले ही लोगो की जेबें को कतर चुकी मंहगाई और रुलाने वाली है यह बहुत बडी बिडम्बना है।सरकारें अगर बनिया गिरी करने लगे फिर आम जन की मुश्किल तो बढनी तय है। जब जीएसटी लागू हुई थी उस समय भी मैने कहा था यह व्यवस्था आमलोग के हित में नही है। सारी मलाई उद्योग जगत चट कर जाते है।और जो बचता है वह किसान। आमजन का ठन ठन गोपाल। आज आटा, चावल, दूध, लस्सी तो सीधे गरीबो के थाली पर प्रहार जैसा है जिसका कोई समर्थन नही करता बल्कि, नीति बनाने वाले दिमाग पर हंसने जैसा प्रतीत होता है।आज हमें जेटली जी ,प्रणव जी ,और मनमोहन सिंह जैसे वित्त मंत्री की आवश्यकता महसूस होने लगी है। क्योंकि विगत कुछ वर्षो से अगर कोई मंत्रालय में कौतूहल की स्थिति है तो वह है वित्त। वित्तीय व्यवस्था शार्ट टर्म में लम्बा मुनाफा कमाने वाली एक फर्म बन गयी है। इसे लोगो की परेशानियों से कोई मायने नही रखता। जबकि कम मुनाफा और लम्बी अवधि के नीति निर्धारण कर आवश्यक वस्तु को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

## शाहीन अफरीदी चोटिल, श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर



**गॉल ।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी घुटने की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए। अफरीदी पहले टेस्ट के चौथे दिन चोटिल हुए थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि वह टीम के साथ श्रीलंका में ही रहेंगे और रिहैबिलिटेशन करेंगे। पाकिस्तान ने पहला टेस्ट 4 विकेट से जीता था जिसमें अफरीदी ने चार विकेट झटके थे। दूसरा टेस्ट रविवार से शुरू होगा।

## क्रिकेटः बर्मिंघम खेलों से पहले दक्षिण अफ्रीका को लगा झटका, दो खिलाड़ी चोटिल

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड दौरे पर गई दक्षिण अफ्रीका की दो खिलाड़ियों को विभिन्न कारणों से स्वदेश लौटना पड़ रहा है और उनका बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में खेलना भी संदिग्ध है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विज्ञप्ति में कहा की इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 मैच में बाहर रहने के बाद मारिजान कैप और टुमी सेखुखुने श्रृंखला



के बाकी मैचों से भी बाहर हो गए हैं और उनका 28 जुलाई से शुरू हो रहे राष्ट्रमंडल खेलों में खेलना भी संदिग्ध है। सेखुखुने की ग्रोइन की चोट फिर से उभर आई है जबकि कैप पारिवारिक कारणों से स्वदेश लौटी है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कैप के मामले में कोई खुलासा नहीं किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीकी टीम की उनकी साथी डेन वान नीकर्क ने सोशल मीडिया पर बताया कि उनके भाई को किसी दुर्घटना में गंभीर चोटें आई हैं।

## गांगुली का बड़ा बयान- एसिया कप यूएई में होगा

**मुंबई ।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि एशिया कप संयुक्त अरब अमीरात में कराया जाएगा जिसे पहले श्रीलंका में कराया जाना था। गांगुली ने यहां बोर्ड की शीर्ष परिषद की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा- एशिया कप संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होगा क्योंकि यही ऐसी जगह है जहां बारिश नहीं हो रही होगी।



श्रीलंका क्रिकेट ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एससीसी) को सूचित किया था कि देश में आर्थिक और राजनीतिक संकट के चलते बोर्ड एशिया कप टी-20 के आगामी चरण की मेजबानी करने की स्थिति में नहीं होगा। श्रीलंका क्रिकेट ने मौजूदा संकट के कारण हाल में लंका प्रीमियर लीग के तीसरे चरण को भी स्थगित कर दिया था। एशिया कप (टी20) का आयोजन 27 अगस्त से 11 सितंबर तक कराया जायेगा।

## ऑस्ट्रेलिया में टी20 टूर्नामेंट में खेलेंगे तेज गेंदबाज चेतन सकारिया और मुकेश चौधरी

**ब्रिस्बेन।** भारत के दो तेज गेंदबाज चेतन सकारिया और मुकेश चौधरी अगले महीने यहां शुरू हो रही टी20 मैक्स टूर्नामेंट के शुरुआती सत्र में खेलेंगे। सकारिया और चौधरी दोनों ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले सत्र में क्रमशः दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व किया था। ये दोनों खिलाड़ी 'एमआरएफ पेस फाउंडेशन' और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बीच आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत ब्रिस्बेन में समय बिताएंगे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'एमआरएफ पेस फाउंडेशन' और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बीच खिलाड़ियों और कोचिंग का आदान-प्रदान लगभग 20 वर्षों से चल रहा है। यह पिछले कुछ वर्षों में कोरोना वायरस के कारण रुका था लेकिन इन दोनों भारतीय खिलाड़ियों के साथ फिर से शुरू हो रहा है।' सकारिया ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ अपना एकदिवसीय





और टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया था जबकि चौधरी ने इस साल के आईपीएल में 13 मैचों में 16 विकेट लिए थे।

ऑस्ट्रेलिया में होने वाली प्रतियोगिता में सकारिया सनशाइन कोस्ट के लिए खेलेंगे, जबकि 26 वर्षीय चौधरी विन्नम-मैनली का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के अलावा दोनों भारतीय गेंदबाज 'बूपा नेशनल क्रिकेट सेंटर' में प्रशिक्षण लेंगे और 'क्वींसलैंड बुल्स' के सत्र पूर्व तैयारियों में भी शामिल होंगे। टी20 मैक्स प्रतियोगिता का आयोजन 18 अगस्त से चार सितंबर तक किया जाएगा। इसका फाइनल एलन बॉर्डर फील्ड में खेला जाएगा।

## अगले महीने भारत आयेगा FIH दल, सीईओ ने कहा भारत में ही हो विश्व कप

**नई दिल्ली।** नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद की अगुवाई में अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) का तीन सदस्यीय दल नये संविधान को लागू करने की दिशा में प्रगति का जायजा लेने 15 अगस्त को भारत आयेगा। भारत को 2023 में होने वाले विश्व कप की मेजबानी बरकरार रखने के लिये हर हालत में नया संविधान लागू करना है। एफआईएच सीईओ थियरी वील और कार्यकारी बोर्ड के सदस्य तैयब इकराम दल में शामिल होंगे।

एफआईएच ने अदालत द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति से संशोधित संविधान लागू करने और हॉकी इंडिया के ताजा चुनाव कराने को लेकर विस्तृत जानकारी मांगी थी। हॉकी इंडिया अगर खेल कोड के अनुरूप संविधान लागू नहीं करती है तो देश को 13 से 29 जनवरी 2023 तक होने वाले विश्व कप की मेजबानी गंवानी पड़ सकती है। एफआईएच सीईओ वील ने कहा कि उन्होंने भारत दौरे के लिये संभावित तारीख बताई है और उन्हें सीओए से पुष्टि का इंतजार है। उन्होंने लुसाने से पीटीआई से कहा ,'' हम 15 अगस्त को दो या तीन दिन के लिये भारत आने की सोच रहे हैं । हम इस मसले को सुलझाने के लिये जो कुछ भी हो सकता है, करेंगे लेकिन हमें सीओए के जवाब का इंतजार है।

उन्होंने कहा- कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद की अगुवाई में तीन सदस्यीय दल भारत आयेगा। हम हर किसी से मिलने और मसले का हल निकालने के लिये तैयार हैं। एफआईएच इस मामले में सीओए को तीन बार लिख चुका है लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। वील ने कहा कि एफआईएच को उम्मीद है कि विश्व कप भुवनेश्वर और राउरकेला में होगा लेकिन अगले महीने कोई हल नहीं निकलता है तो हॉकी इंडिया पर प्रतिबंध लग सकता है। उन्होंने कहा- वादा पूरा नहीं करने के लिये हॉकी इंडिया को दंडित किया जा सकता है और इसमें अंतरराष्ट्रीय हॉकी से प्रतिबंध की संभावना शामिल है। उन्होंने विश्व कप की मेजबानी का करार किया है जो उन्हें पूरा करना है। उन्होंने कहा- लेकिन हम उस दिशा में नहीं सोच रहे हैं ।

## मैकुलम ने स्टोक्स के वनडे से संन्यास लेने के फैसले का किया समर्थन

**लंदन ।** इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के वनडे से संन्यास लेने के फैसले को पूरी तरह सकारात्मक नजरिए से देखते हैं लेकिन वह इसको लेकर सुनिश्चित नहीं है कि क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए कहीं यह चलन नहीं बन जाए। विश्व कप 2019 के फाइनल के नायक स्टोक्स ने सोमवार को वनडे से संन्यास लेने की घोषणा करके सभी को चौंका दिया था। उन्होंने कहा था कि तीनों प्रारूपों में खेलना उनके लिए असंभव है।



मैकुलम से जब पूछा गया कि क्या वह स्टोक्स के फैसले से खुश हैं तो उन्होंने कहा, 'हां मैं उनके फैसले से खुश हूं।' मैकुलम से यह भी पूछा गया कि क्या स्टोक्स का कदम दुनिया के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी चलन बन जाएगा। इस पर न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, 'सभी प्रारूपों में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या कम है। वह (स्टोक्स) ऐसा फैसला कर सकता था लेकिन यह व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए समय की मांग भी थी और उन्होंने टेस्ट कप्तान की अपनी भूमिका को प्राथमिकता में रखा।'

उन्होंने कहा, 'मैं नहीं जानता कि यह पूरे विश्व भर में चलन बन जाएगा लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं इसे पूरी तरह से सकारात्मक रूप से देखता हूं। मैं अब स्टोक्स के साथ अधिक समय बिताने को लेकर उत्साहित हूं।'

स्टोक्स का फैसला कई के लिये चौंकाने वाला रहा क्योंकि वह अभी केवल 31 साल के हैं लेकिन मैकुलम इसके दूसरे पहलू पर गौर करते हैं। उन्होंने कहा, 'निश्चित तौर पर हम स्टोक्स को तीनों प्रारूपों में खेलता हुआ देखना चाहते हैं। वह सुपरस्टार है और हमने देखा है कि उन्होंने क्या हासिल किया है, लेकिन कभी चीजों के दूसरे पहलू पर भी गौर करना पड़ता है और मैं इसे सकारात्मक रूप से देखता हूं। अब वह टेस्ट टीम को अधिक समय दे पाएंगे।'

## दक्षिण अफ्रीका वनडे की मेजबानी करेगा दिल्ली, आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 का मेजबान होगा मोहाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली का फिरोजशाह कोटला अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे की श्रृंखला के अंतिम मैच की मेजबानी करेगा जबकि टी-20 विश्व कप के लिए जाने वाली टीम आईसीसी प्रतियोगिता के लिए रवाना होने से पहले आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन-तीन मैच खेलेगी। पता चला है कि भारत मोहाली में (20 सितंबर), नागपुर में (23 सितंबर) और हैदराबाद (25 सितंबर) में आस्ट्रेलिया से खेलेगा।

भारतीय टीम विश्व कप की अपनी तैयारियों का समापन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन और टी20 मैच से करेगी जो त्रिवेंद्रम (28 सितंबर), गुवाहाटी (एक अक्टूबर) और इंदौर (तीन अक्टूबर) में होंगे। तीन वनडे रांची (छह अक्टूबर), लखनऊ (नौ अक्टूबर) और दिल्ली (11 अक्टूबर) में खेले जाएंगे। बीसीसीआई कोविड-19 के कारण स्थगित हुई लंबित श्रृंखलायें खत्म कर रहा है। दक्षिण अफ्रीका की टीम दुर्गा पूजा के



दौरान 3 मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए आ रही है जिसमें दूसरे दर्जे की भारतीय टीम खेलती नजर आएगी।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि जैसा कि हमारे सचिव जय शाह ने हाल में कहा था, हमारे पास बराबर मजबूती की दो राष्ट्रीय टीमें उपलब्ध हैं। इसलिए तीन वनडे ऐसे समय पर खेले जाएंगे जब राष्ट्रीय टीम विश्व टी-20 के लिए रवाना होगी।

सूत्र ने कहा कि रोटेशन नीति के अनुसार वनडे को कोलकाता में होना था लेकिन दुर्गा पूजा के समय पर बंगाल क्रिकेट संघ त्योहार के दौरान पुलिस का बंदोबस्त नहीं कर पाएगा। इसलिये एक मैच दिल्ली को दिया गया है।

## यूएस ओपन में नोवाक जोकोविच के खेलने पर संशय

**न्यूयॉर्क।** 21 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच अमरीका की कोरोना वैक्सीन नीति के कारण इस साल की आखिरी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता यूएस ओपन से बाहर रह सकते हैं। अमेरिकी नियमों के अनुसार, देश में प्रवेश के लिये कोरोना वायरस की वैक्सीन लगवाना जरूरी है। सर्बिया के जोकोविच ने वैक्सीन नहीं लगवाई है और वह अपने वैक्सीन-विरोधी मत के कारण इस साल हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन से भी बाहर रहे थे। अब यूएस ओपन के आयोजकों ने कहा है कि वह अमरीकी सरकार के कोविड-19 वैक्सीन नियमों का सम्मान करते हैं। यूएस ओपन ने बुधवार को जारी बयान में कहा, 'आईटीएफ ग्रैंड स्लैम नियम पुस्तिका के अनुसार, सभी पात्र खिलाड़ी इवेंट के पहले सोमवार से 42 दिन पहले रैंकिंग के आधार पर स्वचालित रूप से पुरुष और महिला एकल के मुख्य ड्रा क्षेत्रों में प्रवेश कर जाते हैं।

यूएस ओपन में खिलाड़ियों के लिए टीकाकरण अनिवार्य नहीं है, लेकिन आयोजन गैर-अमेरिकी नागरिकों के लिए देश में यात्रा के संबंध में अमरीकी सरकार के नियमों का सम्मान



**सर्बिया के जोकोविच ने वैक्सीन नहीं लगवाई है और वह अपने वैक्सीन-विरोधी मत के कारण इस साल हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन से भी बाहर रहे थे।**

करेगा।'यूनाइटेड स्टेट्स टेनिस एसोसिएशन (यूएसटीए) ने बुधवार को पुरुष और महिला एकल प्रवेश सूची जारी की। जोकोविच का नाम प्रवेश सूची में था, लेकिन फिलहाल यह सुनिश्चित नहीं है कि उन्हें खेलने की अनुमति दी जाएगी या नहीं। न्यूयॉर्क में टूर्नामेंट 29 अगस्त से 11 सितंबर के बीच खेला जाएगा।

## विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप : नीरज पहली बार फाइनल में, रोहित ने भी किया कमाल

**यूजीन।** ओलंपिक चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने अपने पहले ही प्रयास में 88.39 मीटर का थ्रो फेंककर पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया जबकि रोहित यादव ने भी फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए नया इतिहास रच दिया।

पदक के प्रबल दावेदार 24 वर्षीय चोपड़ा ने ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में शुरूआत की और 88.39 मीटर का थ्रो फेंका। यह उनके कैरियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। वह गत चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे। पीटर्स ने ग्रुप बी में 89.91 मीटर का थ्रो लगाया। चोपड़ा ने कहा, 'यह अच्छी शुरूआत थी। मैं फाइनल में अपना शत प्रतिशत दूंगा। हर दिन अलग होता है। हमें नहीं पता कि किस दिन कौन कैसा थ्रो फेंकेगा।' उन्होंने कहा, 'मेरे रन अप में थोड़ी दिक्कत थी लेकिन थ्रो



अच्छा रहा। बहुत सारे खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में हैं। चोपड़ा का क्वालीफिकेशन राउंड कुछ मिनट ही चला क्योंकि स्वतः क्वालीफिकेशन मार्क पहले ही प्रयास में हासिल करने से उन्हें बाकी दो थ्रो फेंकने नहीं पड़े। हर प्रतियोगी को तीन मौके मिलते हैं। रोहित ने ग्रुप बी में 80.42 मीटर का थ्रो फेंका। वह ग्रुप बी में छठे स्थान पर और कुल 11वें स्थान पर रहे। उनका दूसरा थ्रो फाउल रहा और आखिरी प्रयास में 77.32 मीटर का थ्रो ही फेंक सके। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 82.54 मीटर है जो उन्होंने राष्ट्रीय अंतर प्रांत चैम्पियनशिप में पिछले महीने हासिल किया था। तब उन्होंने रजत पदक जीता था। पदक का मुकाबला रविवार को सुबह सात बजकर पांच मिनट पर होगा। दोनों क्वालीफिकेशन ग्रुप से 83.50 मीटर की बाधा पार करने वाले या शीर्ष 12 खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे हैं। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 89.94 मीटर है। उन्होंने लंदन विश्व चैम्पियनशिप 2017 में खेला था लेकिन फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाये थे। दोहा में 2019 विश्व चैम्पियनशिप में वह कोहनी के ऑपरेशन के कारण नहीं खेल सके थे। चोपड़ा ने इस सत्र में दो बार पीटर्स को हराया है जबकि पीटर्स डायमंड लीग में विजयी रहे थे। पीटर्स तीन बार 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं।

## वीनस विलियम्स को टोरंटो ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड



**टोरंटो।** शीर्ष टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को अगले महीने होने वाले नेशनल बैंक ओपन के मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। वीनस 2019 के बाद पहली बार टोरंटो में खेलेगी और अगस्त 2021 के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए टूर में एकल में वापसी करेंगी।

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और 5 बार की विंबलडन चैंपियन आखिरी बार इस महीने की शुरुआत में विंबलडन के मिश्रित युगल में खेली थी जहां उन्होंने ब्रिटेन की जेमी मर्रे के साथ जोड़ी बनाई थी। वीनस 41 बार की डब्ल्यूटीए एकल चैम्पियन और ओलिम्पिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। उनकी बहन सेरेना विलियम्स टोरंटो ओपन के पिछले सप्ताह जारी किए गए आधिकारिक ड्रॉ में शामिल थी।

## स्पेन को हराकर इंग्लैंड यूरो 2022 के सेमीफाइनल में पहुंचा




**ब्राइटन।** जॉर्जिया स्टैनवे के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की बदौलत इंग्लैंड ने स्पेन को 2-1 से हराकर महिला यूरोपीय चैंपियनशिप (यूरो 2022) के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

दोनों टीम 90 मिनट तक 1-1 से बराबरी पर थी लेकिन अतिरिक्त समय में स्टैनवे के पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से लगाए गए करारे शॉट ने स्पेन की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। स्पेन को एस्थर गोंजालेज ने 54वें मिनट में बढ़त दिलायी थी जबकि इंग्लैंड के लिये स्थानापन्न इल्ला टूने ने 84वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इंग्लैंड ने छठी बार सेमीफाइनल में जगह बनायी है जहां उसका सामना स्वीडन या बेल्जियम से होगा।

## टॉप-8 में आने वाले राज्यों की टीमें सीधे 36वें राष्ट्रीय खेलों में करेंगी प्रतिभाग

**रुद्रपुर।** गूलरभोज में होने वाली 33वीं राष्ट्रीय सीनियर कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता को भारतीय कयाकिंग कैनोइंग एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय खेलों का क्वालीफायर राउंड बना दिया गया है। अब इस प्रतियोगिता में टॉप-8 में आने वाले राज्यों की टीमें गुजरात में होने वाली 36वें राष्ट्रीय खेलों में सीधे प्रतिभाग करेंगी। 22 से 25 अगस्त को गूलरभोज के बौर जलाशय में होने वाली राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में टॉप-8 में आने वाली टीमें गुजरात में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के लिए क्वालीफाई कर जाएंगी। उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. डीके सिंह ने बताया कि पहली बार ऐसा होगा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों को लेकर खिलाड़ियों को क्वालीफायर राउंड खिलाया जाएगा। कहा कि भारतीय कयाकिंग कैनोइंग एसोसिएशन की ओर से राज्य को बहुत बड़ी उपलब्धि दी गई है। कई वर्षों से एसोसिएशन की ओर से कैनो स्प्रिंट खेल को लेकर बौर जलाशय में संभावनाएं तलाशी जा रही थीं।

बौर जलाशय में 22 से 25 अगस्त तक होने वाली राष्ट्रीय कयाकिंग व कैनोइंग प्रतियोगिताओं के लिए प्रदेशभर के 35 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ओलंपिक महासंघ के महासचिव डीके सिंह ने बताया कि प्रदेश के पौड़ी, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, देहरादून व टिहरी के 54 खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया था। इनमें से चयनित 35 खिलाड़ियों को तीन अगस्त तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद अंतिम चयन ट्रायल तीन तारीख को प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन किया जाएगा। कयाकिंग कैनोइंग का प्रादेशिक ट्रायल एनआईएस कोच और पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार एवं अमित चौधरी की देखरेख में हुआ।

## अमेरिकी सीनेट की समिति का भारत से रक्षा साझेदारी की मजबूती पर जोर

**वाशिंगटनः** अमेरिकी सीनेट की एक अहम समिति ने भारत के साथ रक्षा साझेदारी को मजबूत करने और खुफिया जानकारी एकत्रित करने, ड्रोन तथा चौथी और पांचवीं पीढ़ी के विमानों के क्षेत्र में वृहद सहयोग के जरिये इसे नए स्तर तक ले जाने का मांग की है। सीनेट



की शक्तिशाली सशस्त्र सेवा समिति ने यह मांग ऐसे वक्त में की है जब एक सप्ताह पूर्व प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकार कानून (एनडीएए) के तौर पर एक विधायी संशोधन पारित किया जा चुका है। इसमें 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट' (सीएएटीएसए) के तहत दंडात्मक प्रतिबंधों से भारत को छूट दी गई है। सीनेट की समिति ने वित्त वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकार कानून का अपना संस्करण पारित करते हुए इसमें 'भारत के साथ प्रमुख रक्षा साझेदारी बढ़ाने' पर जोर दिया है। इसमें खुफिया जानकारियां जुटाने, ड्रोनों व चौथी-पांचवीं पीढ़ी के विमानों के क्षेत्रों में वृहद सहयोग शामिल है। इसमें डिपो स्तर पर देखरेख, संयुक्त अनुसंधान एवं विकास, 5-जी और सर्द मौसम में रक्षा क्षमता बढ़ाने में सहयोग भी शामिल है।

## एफबीआई की गुमशुदा सूची में मयुशी भगत का नाम शामिल, पिछले तीन साल से है लापता

**न्यूयार्कः** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने न्यूजर्सी से पिछले तीन साल से लापता भारतीय युवती मयुशी भगत को अपनी 'गुमशुदा लोगों' की सूची में शामिल किया है। एफबीआई




ने जनता से महिला के बारे में जानकारी मांगी है। भगत को आखिरी बार 29 अप्रैल 2019 को शाम के समय न्यूजर्सी में जर्सी शहर के अपने अपार्टमेंट से बाहर निकलते हुए देखा गया था। जब उसे आखिरी बार देखा गया था, तब उसने रंगबिरंगा पजामा और काले रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। उसके परिवार ने एक मई 2019 को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एफबीआई द्वारा जारी सूचना के अनुसार, भगत एफ-1 छात्र वीजा पर 2016 में अमेरिका आई थी। उसने न्यू हैम्पशायर विश्वविद्यालय में दाखिला लिया और इसके बाद न्यूयॉर्क इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी (एनवाईआईटी) में दाखिला ले लिया था।

## भारत ने आतंकियों के रासायनिक हथियार हासिल करने पर चेताया, कहा- हम इनके इस्तेमाल के खिलाफ

**संयुक्त राष्ट्रः** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत ने आतंकवादियों के रासायनिक हथियारों को हासिल करने के प्रति दुनिया को चेतावनी दी है। भारत ने कहा, वह बार बार आतंकी गुटों और व्यक्तियों के रासायनिक हथियारों तक पहुंच प्राप्त करने की संभावना के प्रति आगाह करता रहा है। यूएनएससी में 'रासायनिक हथियारों के उपयोग' के खतरे पर संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के काउंसलर प्रतीक माथुर ने कहा कि भारत कई बचे मुद्दों को हल करने के लिए सीरिया और रासायनिक हथियार निषेध संगठन तकनीकी सचिवालय के बीच निरंतर जुड़ाव को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा, भारत किसी के द्वारा, कहीं भी, किसी भी समय और किसी भी परिस्थिति में रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल के खिलाफ है। भारत ने लगातार कहा है कि रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल की कोई भी जांच निष्पक्ष, विश्वसनीय और उद्देश्यपूर्ण होनी चाहिए। आतंकियों तक रासायनिक हथियारों की पहुंच रोकने के समाधान में भारत के योगदान पर प्रकाश डालते हुए राजदूत ने कहा कि इस दिशा में भारत ने जांच के समर्थन करने के लिए दो लाख डॉलर का योगदान दिया है।

# दिनेश गुणवर्धने बने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री

## राष्ट्रपति रानिल के सहपाठी रहे, दोनों पर अब देश को आर्थिक संकट से उबारने का भार

**कोलंबो।** दिनेश गुणवर्धने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। 73 साल के गुणवर्धने को अप्रैल में, पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के कार्यकाल के दौरान गृह मंत्री बनाया गया था। वह विदेश मंत्री और शिक्षा मंत्री के तौर पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

विक्रमसिंघे के राष्ट्रपति बनने के बाद प्रधानमंत्री पद खाली हो गया था। छह बार प्रधानमंत्री रह चुके विक्रमसिंघे ने बृहस्पतिवार को देश के 8वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ग्रहण की थी। गुणवर्धने रानिल विक्रमसिंघे के सहपाठी रहे हैं।? अब दोनों पर श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबारने का भार है।

राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री दिनेश



गुणवर्धने को शपथ दिलाई।

राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने को शपथ दिलाई।

**कौन हैं दिनेश गुणवर्धने**

दिनेश गुणवर्धने का जन्म 1949 में हुआ। हायर एजुकेशन के लिए वे नीदरलैंड चले गए थे।

गुणवर्धने 1983 में कोलंबो के उपनगर महारागामा से जीत हासिल कर संसद में पहुंचे थे।

1994 तक एक प्रमुख विपक्षी नेता की भूमिका निभाई।

**श्रीलंका में नए राष्ट्रपति के खिलाफ प्रदर्शन तेज**

इधर, रानिल विक्रमसिंघे के राष्ट्रपति बनने के बाद भी श्रीलंका में शांति में बहाली नहीं हुई है। उन्हें गोटबाया का मोहरा बताते हुए प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन और तेज कर दिया है। गुरुवार देर रात कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति सचिवालय के परिसर के बाहर, गाले फेस में फोर्स और सैकड़ों प्रदर्शनकारी आमने-सामने हो गए।

**सेना ने प्रदर्शनकारियों के टेंट उखाड़ दिए**

राष्ट्रपति सचिवालय के परिसर के बाहर प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए सशस्त्र सैनिकों को तैनात किया गया था। प्रदर्शन को कंट्रोल करने के लिए सैनिकों ने प्रदर्शनकारियों के टेंट उखाड़ना शुरू कर दिए तो वे उग्र हो उठे। गाले फेस पर प्रदर्शनकारी जमा हो गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

प्रदर्शनकारियों ने कहा- रानिल विक्रमसिंघे हमें बर्बाद करना चाहते हैं, वे फिर से ऐसा कर रहे हैं, लेकिन हम कभी हार नहीं मानेंगे। सशस्त्र बलों की कार्रवाई के बीच एक प्रदर्शनकारी ने कहा- हम अपने देश को ऐसी घटिया राजनीति से मुक्त बनाना चाहते हैं।

**नहीं सुधर रहे देश के हालात**

गॉल फेस कोलंबो के प्रोफेसर एमजी थाराका का कहना है कि पिछले तीन महीनों के दौरान सरकार में शामिल नेताओं ने हालात सुधारने के लिए कई बातें की ओर दावे किए, लेकिन जमीनी हालात सुधरे नहीं हैं। अब लोगों का राजपक्षे परिवार और उनके द्वारा बैठाए गए किसी भी नेता पर कोई भरोसा नहीं है। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि रानिल विक्रमसिंघे को श्रीलंका के राष्ट्रपति पद पर बैठकर राजपक्षे परिवार खुद को आरोपों से बचाना चाहता है।

# कैपिटल हिंसा में ट्रम्प ने एक्शन नहीं लिया

## जांच कमेटी बोली- ट्रम्प 187 मिनट तक डायनिंग रूम में बैठे रहे, सब टीवी पर देख रहे थे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद) पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थकों के हमले को लेकर शुक्रवार को 8वीं सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई कर रही अमेरिकी कांग्रेस कमेटी ने हिंसा के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को जिम्मेदार माना है।

समिति के चेयरमैन बेनी थॉम्पसन ने कहा- ट्रम्प एक्शन लेने में विफल नहीं रहे, बल्कि उन्होंने ने हिंसा के दौरान कार्रवाई नहीं करने का फैसला किया। उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को पलटने के लिए अराजकता और भ्रष्टाचार का रास्ता चुना। उन्होंने झूठ बोला और अपने पद का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों को तबाह करने की कोशिश की।

**8वीं सुनवाई में किसने गवाही दी**

ट्रंप के सहयोगी तत्कालीन डेप्युटी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर मैथ्यू पोटिंगर और डेप्युटी प्रेस सेक्रेटरी सारा मैथ्यूज ने उनके खिलाफ गवाही दी। दोनों ने हिंसा के बाद अपने पद से



इस्तीफा दे दिया था। पोटिंगर और मैथ्यूज के अलावा कई और लोगों की गवाही हुई। तत्कालीन ट्रम्प सरकार के प्रमुख अफसरों की गवाही के वीडियो भी पेश किए गए।

**जांच समिति की प्रमुख बातें**

हिंसा शुरू होने के 187 मिनट बाद तक ट्रम्प डायनिंग रूम में बैठकर टीवी पर हिंसा देख रहे थे।

ट्रम्प किसी की बात सुनने तैयार नहीं थे। उन्हें कई बार हिंसा रोकने और लोगों को वापस भेजने के लिए कदम उठाने कहा गया था।

ट्रम्प ने कानून प्रवर्तन या राष्ट्रीय सुरक्षा विभाग के प्रमुखों से हिंसा को रोकने के लिए मदद नहीं मांगी।

कैपिटल हिल दंगे में कम से कम 138 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। जवाबी फायरिंग में 5 से ज्यादा उपद्रवियों की मौत हुई थी।

कैपिटल हिल दंगे में कम से कम 138 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। जवाबी फायरिंग में 5 से ज्यादा उपद्रवियों की मौत हुई थी।

ट्रम्प ये मानने तैयार नहीं थे कि चुनाव खत्म हो गया है और वे हार गए हैं। हिंसा के एक दिन बाद सामने आए वीडियो में उन्होंने इस बात का जिक्र किया था।

ट्रम्प ने यह कहने से भी इंकार कर दिया कि भीड़ ने कानून तोड़ा है। उन्होंने भीड़ को देशभक्त बताया। उन्होंने लोगों से कहा कि वे इस दिन को हमेशा याद रखें। ट्रम्प को इस बात का कोई पछतावा नहीं है।

6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल में हिंसा कोई दुर्घटना नहीं थी। यह ट्रम्प का अंतिम स्टैंड था। ट्रम्प ने दंगों को अंजाम दिया और तख्तापलट की कोशिश की।

व्हाइट हाउस के पूर्व वकील पैट सिपोलोन की गवाही के आधार पर समिति ने माना कि व्हाइट हाउस में किसी ने भी हिंसा की निंदा नहीं की।

## रूस ने दिए व्यापक युद्ध के संकेत, ब्रिटेन और अमेरिका बोले- यूक्रेन को देंगे हथियार

**कीव/वाशिंगटन/लंदन।** अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने पूर्वी दोनबास में भीषण युद्ध के बीच यूक्रेन को और अधिक रॉकेट प्रणालियां, गोला बारूद और अन्य सैन्य मदद देने की प्रतिबद्धता जताई है। उधर मॉस्को ने व्यापक स्तर पर युद्ध के संकेत दिए हैं। इस पर अमेरिका ने जहां यूक्रेन में सैन्य मदद बढ़ाने की घोषणा की वहीं ब्रिटेन



ने कहा कि वह उसे 1,600 एंटी टैंक हथियारों की सप्लाई करेगा।

ब्रिटेन ने कहा है कि वह कीव को और भी घातक हथियार जल्द ही सप्लाई करने जा रहा है। दरअसल, रूस की योजना दोनबास के पूर्वी औद्योगिक क्षेत्र से परे और अधिक यूक्रेनी क्षेत्र पर कब्जा जमाने की है। इसे देखते हुए यूरोपीय आयोग ने ईयू सदस्यों से रूसी ऊर्जा पर निर्भरता दूर करने के लिए प्राकृतिक गैस की मांग कम करने की अपील की है। उधर, दुनियाभर के करीब 50 रक्षा नेताओं की डिजिटल बैठक खत्म होने के बाद अमेरिकी रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि सहयोगियों और साझेदारों को युद्ध खत्म करने के प्रयासों की ओर प्रतिबद्ध रखना 'कड़ी मेहनत' का काम होगा।

**लंबा चल सकता है युद्ध**

डिजिटल बैठक में अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया कि यह युद्ध कब तक चल सकता है, लेकिन अमेरिकी सेना के जनरल मार्क मिले ने संकेत दिया है कि यह लंबे समय तक चल सकता है। मिले ने कहा, दोनबास में भीषण युद्ध जारी है और किसी भी पक्ष को बढ़त मिलने तक इससे बाहर निकलने का कोई रास्ता दिखाई नहीं देता। अमेरिका ने कहा वह यूक्रेन को रॉकेटों के साथ अतिरिक्त तोपें भी भेजने वाला है। यूरोपीय संघ (ईयू) ने यूक्रेन पर हमले को लेकर रूस पर और अधिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। इनमें सोने के आयात और उच्च तकनीक वाली कुछ वस्तुओं के निर्यात नियंत्रण को कठोर बनाना शामिल है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन ने कहा, क्रेमलिन के खिलाफ दीर्घकालिक प्रतिबंध मॉस्को को एक मजबूत संकेत भेजेंगे कि हम अधिक से अधिक समय तक अपना दबाव बनाए रहेंगे। रूस से यूरोप के लिए पिछले 10 दिनों से बंद पड़ी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन शुरू हो गई है। पाइपलाइन को नियमित रखरखाव के चलते 10 दिनों से बंद किया गया था। हालांकि, गैस का फ्लो पूरी क्षमता से काफी कम होने की उम्मीद है। इस पाइपलाइन से जर्मनी की गैस आपूर्ति का लगभग एक तिहाई हिस्से की पूर्ति की जाती है। ऑपरेटर नॉर्ड स्ट्रीम एजी ने पुष्टि की कि बृहस्पतिवार सुबह गैस पाइपलाइन शुरू हो गई है। अमेरिका ने अनुमान जताया है कि यूक्रन-रूस युद्ध में अब तक रूस के 15,000 सैनिक मारे गए हैं और करीब 45,000 लोग घायल हुए हैं।

# चीन में अनोखा विरोध :जिनपिंग के खिलाफ मिडिल क्लास का 24 प्रांतों में 'विद्रोह', होम लोन नहीं चुका रहे लोग

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पहली बार मिडिल क्लास के लोगों का 'विद्रोह' झेलना पड़ रहा है। चीन के 31 में से 24 प्रांतों में लोग 235 प्रॉपर्टी प्रोजेक्ट के 1.3 करोड़ लोग होम लोन की किस्त जमा नहीं करा रहे हैं। उनका आरोप है कि बिल्डर प्रॉपर्टी का समय पर कब्जा नहीं दे रहे हैं। कोरोना काल के दौरान चीन में जीरो कोविड की नीति के तहत सख्त लॉकडाउन के कारण प्रॉपर्टी सेक्टर को काफी नुकसान हुआ। ऐसे में प्रोजेक्ट समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। रिसर्च संस्था कैपिटल इकोनॉमिक्स के जूलियन इवांस का कहना है कि प्रॉपर्टी सेक्टर की मंदी जल्द ही चीन के अन्य सेक्टरों को भी प्रभावित करेगी। नवंबर में कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवेशन में जिनपिंग तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी करेंगे। मिडिल क्लास का ये विद्रोह उनके लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के लगभग 10 करोड़ सदस्य प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से वोटिंग करेंगे। जीरो कोविड पॉलिसी व लंबे लॉकडाउन ने चीन को दुनिया से अलग कर दिया है। पूर्व डिप्लोमेट और लेखक रोजर गारसाइड के अनुसार देश में भी गुस्सा और कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति लॉयल्टी में कमी आई। किताब 'चाइना कू' के लेखक गारसाइड ने बताया कि जिनपिंग बाहरी व आंतरिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। जो जिनपिंग के नेतृत्व में काम कर रहे उनके विरोधियों को मौका दे रही हैं।

चीन में लगभग 70त्न लोगों ने संपत्ति में निवेश किया है, यह अमेरिका की तुलना में कहीं अधिक है। इसलिए ये विरोध भारी पड़ सकता है। वैसे भी जिनपिंग तीसरे कार्यकाल की तैयारी कर रहे हैं। जिनपिंग की परेशानी को ऐसे भी समझ सकते हैं कि देश में पहले छह महीनों में 31 लाख उद्योग-कारोबार बंद हो चुके हैं। 1.07 करोड़ छात्र ग्रेजुएट कर चुके हैं। इन्हें रोजगार कैसे दिया जाए।

# ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद की दौड़ में ऋषि सुनक नहीं बन पा रहे पार्टी सदस्यों की पहली पसंद

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद की दौड़ में सांसदों के मतदान के दौर में आगे चलने वाले ऋषि सुनक सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी के सदस्यों की पहली पसंद नहीं बन पा रहे हैं। इस संबंध में आए हालिया सर्वेक्षण में विदेश मंत्री लिज ट्रस



आगे चल रहे हैं।

बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के लिए पहले सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के सांसदों के बीच मतदान हुआ है। पांच चक्र के स्क्रीनिंग में भारतीय मूल के ऋषि सुनक लगातार आगे चल रहे थे। हर चक्र में आगे रहने वाले ऋषि सुनक और विदेश मंत्री लिज ट्रस अब प्रधानमंत्री बनने के लिए पूरे ब्रिटेन में फैले कंजरवेटिव पार्टी सदस्यों से वोट मांगेंगे। इन सदस्यों के बीच डेटा विश्लेषण कंपनी यूगॉव के नए सर्वेक्षण में लिज ट्रस को ऋषि सुनक से आगे बताया गया है। बीते दो दिनों में कंजरवेटिव पार्टी के 730 सदस्यों के बीच हुए सर्वेक्षण में 62 प्रतिशत ने लिज ट्रस और और 38 प्रतिशत ने ऋषि सुनक को वोट देने की बात कही। सर्वेक्षण के अनुसार हर आयु वर्ग के पुरुषों व महिलाओं के बीच ट्रस की लोकप्रियता ऋषि सुनक से अधिक है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## दुनिया में फिर पोलियो की दस्तक

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पोलियो अभियान की सफलता पर सवालिया निशान लग गया है। अमेरिका में दस साल बाद पोलियो का मामला सामने आने के बाद दुनिया में फिर पोलियो की दस्तक का खतरा मंडरा रहा है।

# अमेरिका में आया पोलियो का केस: बीमारी के खत्मे के ऐलान के 10 साल बाद न्यूयॉर्क में 20 साल के युवक में वायरस मिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में पोलियो का एक मरीज मिला है। यहां रॉकलैंड काउंटी में रहने वाले बीस साल के एक युवक में पोलियो का वायरस मिला है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने उसकी जांच के बाद गुरुवार को इसकी जानकारी दी। दस साल पहले अमेरिका को पोलियो मुक्त घोषित किया गया था। उसके बाद यह पहला केस मिला है।

20 साल के इस व्यक्ति को जून में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार युवक की करीब एक महीने तक कई प्रकार की जांचें की गईं। रोगी को छुट्टी दे दी गई है और वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ घर पर रह रहा है।




व्यक्ति खड़े होने में सक्षम है, लेकिन उसे चलने में कठिनाई हो रही है।

द वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार- एक स्वास्थ्य अधिकारी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

**पाकिस्तान में 11 और अफगानिस्तान में 1 केस**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के नॉर्थ वजीरिस्तान में पोलियो के 11 मामले हैं। पोलियो वैक्सीनेशन टीम घर-घर जाकर बच्चों को ओरल वैक्सीन दे रही हैं। खैबर के नॉर्थ और साउथ वजीरिस्तान के अलावा डेरा इस्माइल खान, बन्नू, टांक और लक्की मरवात जिलों में भी केस सामने आते रहे हैं। अप्रैल और मई की शुरुआत में दो केस सामने आए थे। इसके अलावा अफगानिस्तान में भी पोलियो का फिलहाल एक केस है।

# अब वायरस से होगा खून बहने का इलाज, ब्रिटिश डॉक्टरों ने जन्म से बीमार मरीज का किया सफल इलाज

**लंदन।** हीमोफीलिया-बी यानी रक्तस्राव की बीमारी का इलाज अब एक वायरस के जरिए हो सकेगा। ब्रिटिश चिकित्सकों ने शोधों के बाद दावा किया है कि वायरस के माध्यम में उन्होंने जन्म से ही हीमोफीलिया-बी से पीड़ित मरीज को पूरी तरह ठीक करने में सफलता पाई है।

लंदन के यूनिवर्सिटी कॉलेज के चिकित्सकों ने जन्म से हीमोफीलिया से जूझ रहे इलियट मैसन नामक व्यक्ति के लिए प्रयोगशाला में ट्रांसफॉर्मेशनल थेरैपी के जरिये एक ऐसा वायरस तैयार किया, जो शरीर में विशेष तरह का प्रोटीन बनाने में सक्षम है। यह वायरस एक माइक्रोस्कोपिक पोस्टमैन की तरह काम करता है, जो फेफड़ों से होकर जो प्रोटीन को लिवर तक पहुंचाता है। इसके बाद शरीर में थक्के बनाने वाला प्रोटीन अपना काम शुरू कर देता है। इस वायरस को रोगी के शरीर में पहुंचाने में लगभग एक घंटे का समय लगा।

उसे रोजाना इसकी खुराक दी जाती थी। परीक्षण के दौरान यह थेरैपी पूरी तरह से कारगर रही। इसके बाद वह पूरी तरह से स्वस्थ है। दरअसल, रोगी के शरीर में एक विशेष प्रोटीन पर्याप्त मात्रा से अधिक था, जो क्लॉटिंग फैक्टर-9 बनाता है। फैक्टर-9 शरीर में बनने वाले क्लॉटिंग प्रोटीन में से एक है। यह चोट लगने पर अतिरिक्त खून के बहाव से बचाता है। इलियट को एक ऐसा वायरस दिया गया था, जो फैक्टर-9 में मौजूद नहीं था। चिकित्सकों के मुताबिक, इस थेरैपी की मदद से अगले तीन वर्षों में हीमोफीलिया वाले अधिकांश युवा वर्ग को ठीक किया जा सकता है।

हीमोफीलिया-बी आनुवांशिक बीमारी है, जिसके कारण शरीर में खून के थक्के जमने की प्रक्रिया धीमी पड़ जाती है और इस कारण से शरीर से बह रहा खून जल्दी रुक नहीं पाता है। लंदन यूनिवर्सिटी कॉलेज की प्रोफेसर प्रतिमा चौधरी ने कहा कि हमारे पास ऐसे बहुत से युवा रोगी आते हैं, मांसपेशियों, जोड़ों और मस्तिष्क जैसे अन्य कई महत्वपूर्ण अंगों से खून बहने की समस्या से जूझ रहे हैं।

न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित निष्कर्षों के मुताबिक, परीक्षण के दौरान यह थैरेपी 10 में से नौ रोगियों को पूरी तरह से ठीक करने में कारगर रही। बकौल इलियट, अब ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे करने के लिए मुझे सोचना पड़े। अब मैं फुटबॉल भी खेल सकता हूं। चिकित्सकों के मुताबिक, यह रोग महिलाओं की तुलना में पुरुषों में अधिक देखा जाता है। गया। इसके कुछ गंभीर मामलों में शरीर के अंदर रक्त बहने लग जाता है। ऐसी स्थितियों में व्यक्ति को समय पर इलाज न मिलने पर उसकी उसकी मृत्यु भी हो सकती है।